बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)



39वां

वार्षिक प्रतिवेदन

2019-2020

भारत के माननीय प्रधानमंत्री



श्री डी.वी. सदानन्द गौड़ा

माननीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री, भारत सरकार

दूरदृष्टि, मिशन और कंपनी के उद्देश्य:

दूरदृष्टि

सभी उपभोक्ताओं की जरूरतानुसार कम कीमतों पर गुणवत्ता चिकित्सा, जीवन रक्षक दवाओं, रसायन और गृह उत्पादों पूर्ति कर एक विश्व स्तरीय सम्मानित संगठन बनना।

मिशन

- अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुपालन के साथ विनिर्माण हेतु सुविधाएं प्राप्त करना।
- अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हुए, नवाचार और आरएंडडी पहल के साथ उत्पादों की गुणवत्ता में लगातार सुधार करना, जिससे ग्राहक संतुष्टि को बढ़ाया जा सके।
- सतत विकास के संवर्धन के लिए पर्यावरण संरक्षण, संरक्षण और ग्रीन पहल के लिए प्रतिबद्ध।
- चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल की जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहद प्रेरित और प्रतिभाशाली मानव संसाधन विकसित करना।
- सामाजिक रूप से निगमित प्रशासन और निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए सामाजिक रूप से प्रतिबद्ध।
- निवल मूल्य में सुधार लाने के लिए लागत क्षमता को कम रखने की कोशिश।

उद्देश्य

संस्थान अपने दृष्टि/नियोग को पूरा करने के लिए निम्नलिखित कार्य करेगी:

- मुख्य उत्पाद श्रेणियों में उत्पादों की उच्च गुणवत्ता और लागत प्रतिस्पर्धा और नेतृत्व के साथ तेजी से विकास करना।
- अनुसंधान एवं विकास और ग्राहक देखभाल के क्षेत्र में निरंतर नवाचार की एक संस्कृति पैदा करना ।
- पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियों पर जोर देना जिससे कि संसाधन और अपशिष्ट प्रबंधन के संरक्षण के सतत विकास में अग्रणी होगा। और
- आधुनिक मानव संसाधन प्रबंधन के तरीकों को अपनाकर कर्मचारी संतुष्टि के स्तर में सुधार।

गुणवत्ता नीति

- निर्धारित मानकों के अनुरूप दवाईयों का उत्पादन करना।
- उत्पादन और गुणवत्ता नियंत्रण के संचालन के सभी चरणों में गुणवत्ता का रखरखाव।
- उपभोक्ता संतुष्टि को बढ़ावा देना।
- सभी कर्मचारियों की भागीदारी के साथ, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की प्रभावशीलता में लगातार सुधार करना।



श्री मनसुख मांडविया

माननीय राज्य मंत्री पोत परिवहन (स्वतंत्र प्रभार) तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

बीसीपीएल बड़ा सोचो

उत्पाद प्रोफाइल

प्रभाग I	प्रभाग -II		प्रभाग -III		
ओद्योगिक रसायन	फार्मा- जेनेरिक	फार्म- ब्रांडेड	डिसइन्फेक्टेंट	हेयर आयल	अन्य उत्पाद
• एल्म • ब्लीचिंग पाउडर	• टेबलेट • कैप्सूल • इंजेक्टेबल • ऑइंटमेंट • लिक्विड एक्सटर्नल-लिक्विड • एएसवीएस	• एक्वा सायिकोटिस • कालमेघ • यूथेरिया • बेनफ्लेम	• फिनॉल • वाइट टाइगर • क्लीन टॉयलेट • लिजोल	• कैंथाराईडिन हेयर आयल	• नैप्थालीनबॉल्स • लिक्विड सोप • अगुरु इत्र

डॉ. पी.डी. वाघेला, आईएएस

सचिव, औषध विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार

हमारे लेखा परीक्षक तथा बैंकर्स

वैधानिक लेखा परीक्षक
मैसर्स एम चौधरी एंड क०

लागत लेखा परीक्षक
मैसर्स सत्याब्रता दासगुप्ता एंड क०

बैंकर्स
यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया
भारतीय स्टेट बैंक

पंजीकृत कार्यालय
6 गणेश चन्द्र एवेन्यू,
कोलकाता 700013

ईमेल आईडी : bcplmdsecrtariat@gmail.com
वेबसाइट: www.bengalchemicals.co.in
कॉर्पोरेट आइडेंटिफिकेशन नं: 24299WB1981GOI033489

श्री रजनीश टिंगल

सयुंक्त सचिव औषध विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार

39वें वार्षिक प्रतिवेदन 2019-20 की विषय-वस्तु

विषय-सूची	पृष्ठ सं.
निदेशक मंडल	1
हमारे कार्यालय, कारखाने एवं डिपो	2
अध्यक्ष का संदेश	3-6
39वीं वार्षिक आम सभा की सूचना	7-11
वित्तीय विशिष्टताएं तथा ग्राफ	12-17
रिपोर्ट:	
निदेशकों की रिपोर्ट	18-37
प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट	38-47
कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट	48-62
कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्थिरता विकास रिपोर्ट	63-64
मुख्य वित्तीय अधिकारी का प्रमाणन	65
फॉर्म सं. AOC-2	66
लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	67-96
वित्तीय विवरण:	
तुलन पत्र	97
लाभ तथा हानि खाता विवरण	98
रोकड़ प्रवाह विवरण	99-100
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	101-109
खातों पर नोट	110-127

निदेशक मंडल

पी एम चन्द्रया
प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार),
निदेशक (वित्त) एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी

प्रवीण कुमार
अंशकालिक शासकीय निदेशक
(सरकार नामित निदेशक)
(10 जून 2020 से प्रभावी)

एस. के. रॉय चौधरी
अंशकालिक गैर-शासकीय निदेशक
(स्वतंत्र निदेशक)
(08/08/2019 तक)

जितेन्द्र त्रिवेदी
अंशकालिक शासकीय निदेशक
(सरकार नामित निदेशक)
(05/06/2020 तक)

हमारे कार्यालय:

पंजीकृत कार्यालय/ कॉर्पोरेट कार्यालय:
6, गणेश चन्द्र एवेन्यू, कोलकाता-700013
दूरभाष सं. (033)2237-1525/1526; फैक्स: (033) 2225-7697
वेबसाइट: www.bengalchemicals.co.in ; ई-मेल :bcplmdsecretariat@gmail.com

हमारे कारखाने:

मानिकतल्ला फैक्ट्री
164 मानिकतल्ला मेन रोड,
कोलकाता – 700054
दूरभाष सं. 033–2320 4157/4158 & 2320 4154
ई-मेल: works_mfy@bengalchemicals.co.in

पानीहटी फैक्ट्री:
बी.टी. रोड, पी.ओ. – पानीहटी,
कोलकाता – 700114, 24 परंगना (उत्तर)
दूरभाष सं. 033 – 2553/1924/4541
ई-मेल: works_pfy@bengalchemicals.co.in

मुंबई फैक्ट्री:
502, एस.वी.सावरकर मार्ग प्रभादेवी,
मुंबई - 4000255
दूरभाष सं. 022-2430 2081
ई-मेल: works_mumfy@bengalchemicals.co.in

कानपुर फैक्ट्री:
84/23, फैक्ट्री एरिया, फज़लगंज,
कानपुर- 208012
दूरभाष सं. 512- 221 6292
ई-मेल: works_kfy@bengalchemicals.co.in

हमारे डिपो:

दिल्ली डिपो:
डीI-डीII, शिवलोक हाउस–II,
कर्मपुरा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स,
विपरीत: मिलन सिनेमा कॉम्प्लेक्स,
नई दिल्ली -110 015
दूरभाष सं. 011- 2592 0486;
ई-मेल: bengalchemicals@gmail.com

गुवाहाटी डिपो:
जतिन तामुली पथ, गरलिया, सरुसजई,
गुवाहाटी- 781040, असम
दूरभाष सं. 7896940840
ई-मेल: bcpl.guwahati@gmail.com

चेन्नई डिपो:
नं. 19ए/88, वेंकटेश नगर, एक्सटेंशन 1, II क्रॉस, दूसरी गली,
विरुगम्बक्कम, चेन्नई- 600092
दूरभाष सं. 044- 2376 4510;
ई-मेल: bcplchennaidpot@yahoo.com

रांची डिपो:
सुवम सुरवी निवास, केटरी बागान,
स्वर्णरेखा नगर मेन रोड,
नामकुम, रांची-834010
दूरभाष सं. +91-8882388794
ई-मेल: ranchibcpl@gmail.com

हैदराबाद डिपो:
ड़ोर नं. 4-98-1-6,
न्यू नरसिम्हा नगर मेन रोड, मालापुरम
नजदीक- नोमा कल्याण वेदेका
हैदराबाद - 500076,
दूरभाष सं. +91-8099422778
ई-मेल: bcplhyd@gmail.com

जयपुर डिपो:
17, यमुना पथ, पटेल नगर ईस्ट,
बिपरीत लक्ष्मी कांता, 22 गोडाउन
जयपुर-302006, राजस्थान
दूरभाष: 8619596774

हमारे रिटेल स्टोर:

1. 6, गणेश चन्द्र एवेन्यू, कोलकाता-700013
2. 153, लेनिन सारणी, कोलकाता-700013
3. 39, आचार्य जगदीश चन्द्र बोस रोड, कोलकाता-700016
4. 44, गोपाल लाल ठाकुर रोड, कोलकाता- 700036
5. 502, एस.वी.सावरकर मार्ग प्रभादेवी, मुंबई - 400025

अध्यक्ष का सन्देश

प्रिय अंशधारको

मैं आपकी कंपनी, बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (बीसीपीएल) की 39वीं वार्षिक आम सभा में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं और मैं आप सब के प्रति सम्मान व्यक्त करना चाहूँगा और बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लेकर इसे सुविधाजनक बनाने के लिए मैं आप सभी का धन्यवाद करता हूं। पिछले तीन वर्षों जोकि 2016-17, 2017-18 और 2018-19 की तरह, आपकी कंपनी ने अपना "शानदार प्रदर्शन" जारी रखा है और 2019-20 में बेहतर प्रदर्शन किया है।

क. वार्षिक वित्तीय विवरण: वर्ष 2019-20 के लिए बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के वार्षिक वित्तीय विवरण प्रस्तुत करना मेरा सौभाग्य है। निदेशकों की रिपोर्ट जिसमें प्रबंधन विचार-विमर्श व विश्लेषण रिपोर्ट, कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्थिरता विकास रिपोर्ट तथा 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष हेतु कंपनी के वित्तीय विवरण भी शामिल हैं जोकि सभी शेयरधारकों को पहले ही प्रदान किए जा चुके हैं, और आपकी अनुमति से मैं इन्हें "पढ़ा" विचारित करूंगा। निदेशकों की रिपोर्ट बहुत ही व्यापक है और कंपनी की कार्य प्रणाली, इसके लक्ष्यों एवं उद्देश्यों और बीसीपीएल द्वारा किए गए बाधाओं का सामना और अवसरों का स्पष्ट और विस्तृत विश्लेषण करती है। मैं आप सब के समक्ष संक्षेप में कुछ प्रासंगिक और प्रमुख विषय जो हमारे सामने हैं, को रखूंगा। निदेशकों की रिपोर्ट सभी वैधानिक प्रकटीकरण जोकि कंपनी अधिनियम 2013, डीपीई दिशानिर्देशों, तथा सचिवीय मानकों के तहत आवश्यक हैं, को सम्मलित करती है।

ख. परिचालन प्रदर्शन: मैं आप सभी और उन हितधारकों को बधाई देता हूं, जो 2019-20 के दौरान बीसीपीएल को "लाभ वाली टर्नअराउंड स्टेटस वाली कंपनी" बनाए रखने तथा पिछले चार वर्षों से लगातार लाभ अर्जित करने के लिए इसके साथ जुड़े हुए थे। वर्ष 2019-20 के दौरान, आपकी कंपनी ने 2017-18 में 10.06 करोड़ तथा 2018-19 में 25.26 करोड़ रूपए के लाभ की तुलना में 14.46 करोड़ रूपए का लाभ अर्जित किया। वर्ष 2019-20 के दौरान, आपकी कंपनी ने 2013-14 में 17.06 करोड़ रुपये की टर्नओवर की तुलना में 84.19 करोड़ रुपये का उत्पादन, 70.28 करोड़ रूपए की टर्नओवर अर्जित की।

ग. वित्तीय प्रदर्शन: यह बहुत गर्व की बात है कि आपकी कंपनी ने 2016-17 में 4.51 करोड़ रूपए के लाभ, जिस वर्ष में बीसीपीएल लाभ कमाने वाली टर्नअराउंड कंपनी थी, की तुलना में 2019-20 में 70.28 करोड़ रूपए की टर्नओवर के ऊपर **14.46 करोड़ रूपए का लाभ** रिपोर्ट किया। फार्मास्यूटिकल्स उत्पाद खंड कंपनी की टर्नओवर में उच्चतम योगदान दे रहा है और 2019-20 के दौरान इस खंड ने कुल टर्नओवर में 53% का योगदान दिया है। दूसरा सबसे बड़ा खंड प्रसाधन एवं गृह उत्पाद रहा है, जो कुल टर्नओवर में 43% का योगदान करते हैं। आपकी कंपनी ने 2013-14 में 20.36 करोड़ रूपए की रिपोर्ट की गई सकल हानि की तुलना में 20.26 करोड़ रूपए का सकल मार्जिन (पीबीडीआईटी) अर्जित किया।

घ. अग्रिम आयकर का भुगतान: 1977 में भारत सरकार द्वारा बीसीपीएल के अधिग्रहण के बाद पहली बार, आपकी कंपनी ने 2019-20 के दौरान 1.50 करोड़ रुपये का अग्रिम आयकर के रूप में भुगतान किया है, जिससे भारत सरकार के कोष में योगदान शुरू हुआ है।

ङ. कोविड-19 अवधि (अप्रैल 2020 से जून 2020) में गतिविधियां/ प्रदर्शन: बीसीपीएल औषधि उत्पादक होने के नाते आवश्यक वस्तुओं के तहत सूचीबद्ध है तथा यह गृह मंत्रालय के आदेश संख्या 40-3/2020-DM-I(A) दिनांकित 15 अप्रैल 2020 के दिशा-निर्देशों के अनुसार लॉकडाउन अवधि के प्रतिबन्ध से मुक्त है और सामान्य रूप से काम कर रही है। बीसीपीएल के कर्मचारी इस स्थिति में जीवन रक्षक दवाइयों और डिसइन्फेक्टेंट/ स्वच्छता उत्पादों के विनिर्माण में योगदान देने में उत्साही हैं। कोविड-19 अवधि और पिछले वर्ष की सामान्तर अवधि के दौरान परिचालन और वित्तीय विशिष्टताएं नीचे उल्लिखित हैं:

(रूपए लाख में)

क्र.सं.	विवरण	वास्तविक अप्रैल-जून 2020	वास्तविक अप्रैल-जून 2019
1.	उत्पादन	**1899**	1535
2.	कर पूर्व लाभ (पीबीटी)	**531**	390
3.	सकल मार्जिन	**652**	565
4.	प्रति कर्मचारी आय	**12.07**	9.86

उपरोक्त विवरण से यह देखा जा सकता है कि कोविड-19 अवधि के दौरान बीसीपीएल का प्रदर्शन पिछले वर्ष की सामान्तर अवधि की तुलना में बढ़ा है।

च. कॉर्पोरेट गवर्नेंस: आपकी कंपनी दृढ़ विश्वास रखती है कि अच्छा नैगम प्रशासन सभी हितधारकों को दीर्घ विकास की ओर ले जाता है और इसने "अच्छे नैगम प्रशासन" के मानकों के स्तर को जारी रखा है और लोक उद्यम विभाग (डीपीई), भारत सरकार द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों का अनुपालन कर रही है। आपकी कंपनी ने लगातार पिछले पांच वर्षों से "उत्कृष्ट" कॉर्पोरेट गवर्नेंस रेटिंग हासिल की है। स्व-मूल्यांकन के अनुसार, 2019-20 में भी आपकी कंपनी "उत्कृष्ट कॉर्पोरेट गवर्नेंस रेटिंग" प्राप्त करेगी। 2013-14 तक "Poor" रेटिंग तथा 2014-15 में "Fair" रेटिंग की तुलना में, डीपीई ने वर्ष 2018-19, 2017-18, 2016-17 तथा 2015-16 के लिए आपकी कंपनी को "उत्कृष्ट" रेटिंग के साथ मूल्यांकित किया है। आपकी कंपनी संस्थान में नैगम प्रशासन प्रथा में सुधार और स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

छ. प्रौद्योगिकी उन्नयन तथा परियोजना कार्यान्वयन: वर्ष 2019-20 के दौरान, आपकी कंपनी ने गृह उत्पाद विभाग के उत्पाद- वाइट टाइगर, एक साबुन आधारित बहु-उपयोग क्लीन्ज़र और डिओडोरेंट के दो नए वैरिएंट विकसित किए हैं। कोविड-19 महामारी की स्थिति में, आपकी कंपनी ने हाइड्रोक्सीक्लोरोकुइन (एचसीक्यू) तथा हैण्ड सैनिटाईजर के उत्पादन हेतु लाइसेंस भी प्राप्त कर लिया है। आपकी कंपनी 02 अगस्त 2020 को इसके संस्थापक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के जन्दिवस पर "बेन्सनी" नाम से हैण्ड सैनिटाईजर लांच कर रही है।

ज. मानव संसाधन: मैं हर्ष और गर्व के साथ कहना चाहूँगा कि आपकी कंपनी के कर्मचारी अब 2022 तक बीसीपीएल को सकारात्मक निवल मूल्य वाली कंपनी बनाने के लक्ष्य के साथ नव-उर्जा के साथ काम कर रहे हैं। इसके अलावा, मैं दृढ़ विश्वास रखता हूँ की आपके संगठन की समृधि प्रेरित तथा समर्पित कर्मचारियों के समुदाय पर निर्भर करती है।

झ. 2007 वेतनमान का कार्यान्वयन: तीन वर्षों तक लगातार लाभ प्राप्त करने के बाद और सभी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने के बाद, अक्टूबर 2019 में, आपके प्रशासनिक मंत्रालय यानी औषध विभाग ने बीसीपीएल के कर्मचारियों को 2007 वेतनमान लागू करने की मंजूरी दे दी है, जिसे जनवरी 2020 मजदूर यूनियन के साथ वार्ता करने के बाद विधिवत लागू किया गया था। स्थानीय नेताओं का सहयोग और योगदान सराहनीय है, जिसकी वजह से हमने इसे सफलतापूर्वक लागू किया है।

अभिस्वीकृति:

अंत में, मैं औषध विभाग, लोक उद्यम विभाग, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, भारत सरकार के अन्य विभिन्न मंत्रालयों, पश्चिम बंगाल सरकार, विभिन्न राज्य सरकारों, कंपनी रजिस्ट्रार, औषध नियंत्रक प्राधिकरण का आपकी कंपनी के प्रदर्शन में सुधार के लिए प्राप्त निरंतर समर्थन और सहायता के लिए, जिसके कारण बीसीपीएल 2016-17 में "लाभ कमाने वाली टर्नअराउंड कंपनी" बनी तथा 2019-20 में लगातार चौथे वर्ष लाभार्जन किया। मैं हमारे सभी मूल्यवान "वैधानिक लेखापरीक्षक, लागत लेखापरीक्षक, आन्तरिक लेखापरीक्षक, बैंकर्स, कर लेखापरीक्षक, ग्राहक, आपूर्तिकर्ताओं, लायिसोनर, सी.एण्ड.एफ़ एजेंट, और स्टॉकिस्ट" द्वारा किये गये समर्थन और योगदान के लिए भी आभार प्रकट करता हूँ और कंपनी के साथ व्यापर करने में विश्वास बनाए रखने के लिए और इस कंपनी, जो भारतीय रसायन के पिता, आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र राय जी ने स्थापित की थी, को सेवाएं देने के लिए अपने तहे-दिल से धन्यवाद करता हूँ।

मैं निष्ठा से आपकी कंपनी के निदेशकों को वर्ष 2019-20 में कंपनी के इस गौरवशाली प्रदर्शन को हासिल करने एवं कंपनी के संचालन में उनकी बहुमूल्य सहायता और योगदान देने के लिए धन्यवाद देता हूं। अंत में, मैं यूनियन और आपकी कंपनी के "इमारत ब्लॉक" अर्थात् "कर्मचारियों" को मेरा विशेष धन्यवाद करने का अवसर लेता हूँ, जिन्होंने 1 जून 2016 से अबतक मेरे प्रबंध निदेशक के अतिरिक्त प्रभार की अवधि के दौरान बीसीपीएल को लाभ कमाने वाली टर्नअराउंड कंपनी बनाने में पूर्ण सहयोग दिया।

ह/-
(पी एम चंद्रय्या)
प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एवं
निदेशक (वित्त)

स्थान: कोलकाता
दिनांक: 20 जुलाई 2020

Bleaching Powder
Eutheria Ointment
20 gm
500 gm
Eutheria
ACHARYA PRAFULLA CHANDRA RA
BIRTH: 2ND AUGUST, 1861
DEATH: 16TH JUNE, 1944
INAUGURATED BY
SHRI M. CHANDRAIAH
MANAGING DIRECTOR, BCPL

संविधान दिवस, 26 नवंबर, 2019

सूचना

एतदद्वारा बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के सभी शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी की 39वीं वार्षिक आम सभा **सोमवार, 20 जुलाई 2020** को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 11:30 बजे निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए आयोजित की जाएगी:

सामान्य कार्य

1. 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के कंपनी के अंकेक्षित वित्तीय विवरण जिसमें कि 31 मार्च 2020 का तुलन पत्र और उस तिथि को समाप्त वर्ष का लाभ और हानि विवरण, नकद प्रवाह विवरण तथा निदेशक मंडल और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट शामिल है, उस पर विचार कर उसको स्वीकार किया जाएगा।

2. वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कंपनी के खातों की लेखापरीक्षा के लिए भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त किए जाने वाले कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों का पारिश्रमिक तय करने हेतु कंपनी के निदेशक मंडल को अधिकृत करना और संशोधन के साथ या संशोधन के बिना निम्नलिखित संकल्प को एक साधारण संकल्प के रूप में पारित करना:

   "संकल्प लिया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 142 के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त किए जाने वाले कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों और शाखा लेखापरीक्षकों का पारिश्रमिक तय करने के लिए, निदेशक मंडल को अधिकृत किया जाता है।"

विशेष कार्य:

1. 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लागत लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक का अनुमोदन करना, तथा उस पर विचार करना तथा सही पाया गया तो एक साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पारित करना:

   "संकल्प लिया जाता है कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 148 और अन्य लागू प्रावधानों और कंपनी (ऑडिट एवं ऑडिटर्स) नियम 2014 (कोई वैधनिक संशोधनों और समय-समय पर हुए पुन:संशोधनों) के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त लागत लेखाकार, मैसर्स सत्याब्रता दासगुप्ता एंड क०, लगत लेखाकार, को वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए कंपनी में लागत लेखापरीक्षा करने के लिए कुल 55000/- रूपए की फीस जमा लागू कर, टीए/डीए और जेब से किए गए खर्चों रहित, की पुष्टि की जाती है।

   आगे संकल्प किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल को इस संकल्प को प्रभावी बनाने के लिए सभी कृत्यों और सभी उचित, आवश्यक कदम उठाने के अधिकृत किया जाता है।"

2. केंद्रीय सार्वजानिक क्षेत्र उपक्रमों की पूँजी पुनर्गठन के लिए लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन का अनुमोदन:

"संकल्प किया जाता है कि केंद्रीय सार्वजानिक क्षेत्र उपक्रमों की पूँजी पुनर्गठन के लिए लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुपालन को अनुमोदित किया जाता है।"

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
ह/-
(पी एम चंद्रय्या)
प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार)
एवं निदेशक (वित्त)

दिनांक: 25 जून 2020
स्थान: कोलकाता

टिप्पणियाँ:

1. बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड की 39वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाना है जो कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल 2020 तथा सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 05 मई 2020 के अनुपालन में है।

2. बैठक का लिंक बैठक से पहले पंजीकृत ई-मेल आईडी और शेयरधारकों के मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा।

3. सदस्य, जिन्होंने अभी तक अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं कराई है एवं जो अपना ई-मेल आईडी बदलवाना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी से संपर्क करें ताकि इलेक्ट्रॉनिक तरीके से उन्हें वार्षिक रिपोर्ट, नोटिस आदि समय-समय पर कंपनी द्वारा भेजे गए सभी संदेश प्राप्त हो सके।

4. अंशधारक कृपया किसी भी प्रश्न/ शिकायत/ सुझाव के लिए cs@bengalchemicals.co.in ईमेल आईडी पर लिख सकते हैं अथवा श्री सतीश कुमार, कंपनी सचिव, मोबाइल नं- 8697575519 से संपर्क कर सकते हैं।

5. **अंशधारक केवल अपने पंजीकृत ई-मेल के माध्यम से cs@bengalchemicals.co.in पर ई-मेल भेजकर संकल्पों पर अपना वोट डालेंगे।**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(1) के अनुसार विवरण

निम्नलिखित विवरण सूचना में उल्लेखित विशेष कार्य से संबंधित सारे तथ्यों का वर्णन करता है:

विशेष कार्य की मद सं. 1

बोर्ड ने लेखा परीक्षा समिति की सिफारिश पर, 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लागत अभिलेखों की लेखापरीक्षा के लिए, निम्नलिखित विवरण के अनुसार लागत लेखापरीक्षक की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक को अनुमोदित किया है:

लागत लेखापरीक्षक का नाम	लेखापरीक्षा शुल्क (रुपए में)
मैसर्स सत्याब्रता दासगुप्ता एंड क०	55,000/-

कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षकों) नियम 2014 के साथ पठित अधिनियम की धारा 148 के प्रावधानों के अनुसार, लेखा परीक्षकों को देय पारिश्रमिक का लेखापरीक्षा समिति द्वारा अनुशंसित और निदेशक बोर्ड की मंजूरी से कंपनी के सदस्यों द्वारा पुष्टि की जानी चाहिए।

तदनुसार, जैसाकि सूचना की विशेष कार्य की मद सं. 1 में वर्णित है, 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए लागत लेखापरीक्षक को देय पारिश्रमिक की पुष्टि करने के लिए सदस्यों की सहमति से एक साधारण संकल्प करने की मांग की जाती है। सूचना के विशेष कार्य की मद सं. 1 के प्रस्ताव के तहत कोई भी निदेशक/ कंपनी के प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक/ उनके रिश्तेदार आर्थिक रूप से या अन्यथा संबंधित रूचि नहीं रखते हैं। बोर्ड सूचना के विशेष कार्य की मद सं. 1 के प्रस्ताव में साधारण संकल्प पर सभी सदस्यों से अपना अनुमोदन देने की मांग करता है।

विशेष कार्य की मद सं. 2

20 जून 2016 को लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी की गई सीपीएसईस की पूंजी पुनःसरंचना के दिशानिर्देशों के अनुसार, हर सीपीएसई इसके अंतिम खातों के अनुमोदन के लिए आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में एक अनुपालन नोट के साथ एक एजेंडा के रूप में इन दिशानिर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करेगा और इसके तुरंत बाद आयोजित की गयी एजीएम/ ईजीएम में अंशधारकों/ सदस्यों की वांछित अनुमति ली जाएगी। इसीलिए वर्ष 2019-20 के दौरान "सीपीएसई के लिए पूंजी पुनःसरंचना दिशानिर्देश" के अनुपालन का विवरण नीचे दर्शाया गया है:

क्रं.सं	प्रावधान	अनुपालन
1	**लाभांश का भुगतान :** पिछले दिशानिर्देशों का दमन करते हुए, हर सीपीएसई मौजूदा वैधानिक प्राबधान के अंतर्गत अधिकतम लाभांश को ध्यान में रखते हुए पीएटी का 30% अथवा निवल-मूल्य का 5% जो भी अधिक हो, वार्षिक लाभांश का भुगतान करेगी।	वर्ष 2019-20 में 1307 लाख रूपए के शुद्ध लाभ के बावजूद बीसीपीएल के पास 20866 लाख रूपए की संचित हानि है। इसलिये वर्ष 2019-20 का 1307 लाख रूपए का सारा शुद्ध लाभ कंपनी की संचित हानि को अवशोषित करने के लिए कंपनी के संचय में हस्तांतरित कर दिया गया है। इसके आलावा, कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, जिन कंपनियों के पास संचित हानि हैं वे जब तक सारी हानि अवशोषित नहीं होती तब तक लाभांश का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं हैं।

क्रं.सं	प्रावधान	अनुपालन
2	**अंशो का वापसी क्रय :** हर सीपीएसई जिसके पास कम से कम 2000 करोड़ रुपए का निवल-मूल्य और 1000 करोड़ रुपए से ज्यदा नगद एवं बैंक शेष है, वह अपने अंशों का वापसी क्रय के विकल्प का प्रयोग करेगा।	31/03/2020 को बीसीपीएल के पास 5371 लाख रुपए का ऋणातमक निवल-मूल्य और 343.67 लाख रुपए का बैंक बैलेंस था। इसीलिए बीसीपीएल इसके अंशों का वापसी क्रय के विकल्प का प्रयोग करने की स्थिति में नहीं है।
3	**बोनस अंश जारी करना :** हर सीपीएसई यदि उनका निर्धारित संचय और अधिशेष इसकी प्रदत्त पूंजी का 10 गुणा और इससे अधिक है तो बोनस अंश जारी करेगा।	31/03/2020 को बीसीपीएल के पास संचय का 13067.42 लाख रूपए का ऋणात्मक शेष था, जबकि कंपनी की प्रदत अंश पूंजी 7696.04 लाख रूपए है। इसलिये, इन दिशानिर्देशों के अनुसार, बीसीपीएल बोनस अंश जारी करने के लिए वाध्य नहीं है।
4	**अंशों का विभाजन :** एक सीपीएसई जब इसके अंशों का बाज़ार मूल्य अथव वही मूल्य इसके अंकित मूल्य से 50 गुणा बढ़ जाए तो इसके अंशों का उचित विभाजन करेगी परन्तु इसके अंश का बर्तमान अंकित मूल्य एक रुपये या एक रुपए से अधिक हो।	बीसीपीएल के अंशों का वही मूल्य 674.28/- रूपए (ऋणातमक) है, जबकि इसके अंशों का अंकित मूल्य 1000/- रुपए प्रति अंश है। इसीलिए, इन दिशानिर्देशों के अनुसार, बीसीपीएल इसके अंशों को विभाजित करने के लिए वाध्य नहीं है।

बोर्ड, सदस्यों के अनुमोदन के लिए सूचना के बिशेष कार्य की मद सं 2 में वर्णित सामान्य संकल्प की सिफारिश करता है।

सेवा में,

बीसीपीएल के सभी अंशधारक

प्रति:

i. बीसीपीएल के सभी निदेशक

ii. भारत सरकार के सचिव,
औषध विभाग,
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
शास्त्री भवन, नई दिल्ली -110001

iii. मैसर्स एम चौधरी एंड क०, सांविधिक लेखापरीक्षक

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा

ह/-

(पी एम चंद्रय्या)
प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार)
एवं निदेशक (वित्त)

दिनांक: 25 जून 2020
स्थान: कोलकाता

दस वर्षों की वित्तीय विशिष्टताएँ

(रूपए लाख में)

विवरण	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
उत्पादन	8,049	5,922	3,633	1,970	6,410	10,670	10,269	9,818	12,345	**8,419**
वित्तीय प्रदर्शन:										
परिचालन आय/ परिचालन से राजस्व	5,485	4,825	2,737	1,706	4,584	8,819	8,536	7,801	10,050	**7,028**
अन्य आय	959	2,539	1,907	1,957	1,970	2,457	2,488	1,679	1,917	**1,536**
कुल आय	6,444	7,364	4,644	3,663	6,554	11,276	11,024	9,480	11,967	**8,564**
परिचालन लगत/ प्रत्यक्ष लागत	3,453	4,128	2,661	1,454	3,024	5,630	4,663	4,161	5,532	**3,503**
कर्मचारी लाभ व्यय	1,828	2,212	2,567	2,609	2,857	2,352	1,952	1,470	1,479	**1,416**
वित्त लगत	610	1,319	1,469	1,285	1,536	1,642	1,507	905	245	**68**
अन्य व्यय	1,720	1,316	1,705	1,636	1,583	2,170	2,005	1,425	1,673	**1,619**
मूल्यह्रास	222	212	309	334	361	395	447	512	512	**512**
कुल व्यय	7,832	9,187	8,712	7,319	9,361	12,189	10,573	8,474	9,441	**7,118**
असामान्य आय	318	-	-	-	1,076	-	-	-	-	**-**
सकल मार्जिन (पीबीडीआईटी)	(239)	(292)	(2,290)	(2,036)	165	1,124	2,405	2,423	3,283	**2,026**
कर एवं असामान्य आय पूर्व लाभ (हानि)	(1,388)	(1,823)	(4,069)	(3,655)	(2,808)	(913)	451	1,006	2,526	**1,446**
कर पूर्व लाभ (हानि)	(1,070)	(1,823)	(4,069)	(3,655)	(1,732)	(913)	451	1,006	2,526	**1,446**
कर व्यय/ आयकर हेतु प्रावधान	-	-	-	-	-	-	-	-	-	**139**
कर पश्चात लाभ/ (हानि)	(1,070)	(1,823)	(4,069)	(3,655)	(1,732)	(913)	451	1,006	2,526	**1,307**
परिसंपत्तियां और देयताएं:										
देयताएं										
अंश पूँजी	7,696	7,696	7,696	7,696	7,696	7,696	7,696	7,696	7,696	**7,696**
संचय एवं अधिशेष	(7,379)	(9,203)	(13,271)	(16,926)	(17,444)	(18,357)	(17,906)	(16,900)	(14,374)	**(13,067)**
निवल मूल्य	317	(1,507)	(5,575)	(9,230)	(9,748)	(10,661)	(10,210)	(9,204)	(6,678)	**(5,371)**
ऋण	26,855	15,021	18,426	19,256	21,145	21,740	21,955	21,021	20,073	**19,371**
नियोजित पूँजी	27,172	13,514	12,852	10,026	11,397	11,079	11,745	11,817	13,394	**14,000**
अन्य चालू देयताएं	5,547	12,408	7,868	8,534	9,283	9,317	8,082	7,612	6,471	**5,797**
प्रावधान	1,483	1,523	1,724	1,711	1,922	1,973	1,745	1,306	1,027	**1,012**
कुल देयताएं	34,202	27,445	22,444	20,271	22,602	22,369	21,572	20,735	20,892	**20,809**
परिसंपत्तियां:										
अचल संपत्ति (सकल ब्लॉक)	4,634	4,744	5,901	6,519	6,686	12,501	13,463	14,011	14,019	**14,072**
संचित मूल्यह्रास	2,135	2,348	2,758	3,225	2,370	2,765	3,212	3,724	4,236	**4,744**
अचल संपत्ति का शुद्ध ब्लॉक	2,499	2,396	3,143	3,294	4,316	9,736	10,251	10,287	9,783	**9,328**
प्रगतिशील कार्य पूँजी	7,025	11,418	11,092	10,973	10,923	5,718	5,149	4,754	4,754	**4,791**
इन्वेंटरी	1,777	1,515	1,046	811	1,428	1,463	1,467	1,970	1,708	**1,653**
व्यापार प्राप्य	2,985	2,833	1,100	743	1,441	2,633	2,171	2,252	3,521	**3,173**
नकद एवं बैंक बैलेंस	672	395	194	207	217	153	164	59	5	**68**
ऋण और अग्रिम	3,549	2,736	994	1,140	564	504	641	653	381	**544**
अन्य चालू परिसंपत्तियां	15,695	6,151	4,875	3,102	3,712	2,160	1,728	761	739	**1,252**
कुल परिसंपतियां	34,202	27,445	22,444	20,271	22,602	22,369	21,572	20,735	20,892	**20,809**
अन्य:										
कर्मचारियों की सं.	689	629	573	481	405	370	320	248	195	**162**
अंशों की सं.	7,69,604	7,69,604	7,69,604	7,69,604	7,69,604	7,69,604	7,69,604	7,69,604	7,69,604	**7,69,604**
अनुपात:										
प्रति कर्मचारी कुल आय (रु० लाख में)	9.35	11.71	8.10	7.62	16.18	30.48	34.45	38.22	61.37	**52.86**
प्रति अंश आय (रु०)	(139.05)	(236.90)	(528.66)	(474.94)	(225.06)	(118.65)	58.65	130.69	328.21	**169.83**
प्रशासनिक व्यय/ कुल व्यय %	45.30%	38.41%	49.04%	58.01%	47.43%	37.10%	37.43%	34.17%	35.30%	**42.64%**
प्रशासनिक व्यय/ कुल आय %	55.06%	47.92%	92.01%	115.88%	67.74%	40.10%	35.89%	30.54%	26.34%	**35.44%**
वित्त लगत/ कुल व्यय %	7.78%	14.35%	16.86%	17.56%	16.41%	13.47%	14.25%	10.69%	2.74%	**0.96%**
कुल आय के लिए कुल व्यय %	116.61%	124.76%	187.62%	199.77%	126.43%	108.10%	95.91%	89.39%	74.61%	**83.12%**
देनदार टर्नओवर अनुपात (दिन)	199	214	147	159	115	109	93	105	128	**165**
इन्वेंटरी टर्नओवर अनुपात (दिन)	118	115	140	173	114	61	63	92	62	**86**
ब्याज कवरेज पीबीडीआईटी के लिए वित्त लागत (No. of Times)	-0.39	-0.22	-1.56	-1.58	0.11	0.68	1.60	2.68	13.40	**29.79**
ऋण समता अनुपात No.of Times	4.45	1.10	1.04	0.70	0.79	0.74	0.76	0.75	0.98	**1.15**
लाभ मार्जिन %	3.49	1.95	2.39	2.50	2.75	2.82	2.85	2.73	2.61	**2.52**
परिचालन/ सकल लाभ मार्जिन	-16.61%	-24.76%	-87.62%	-99.77%	-26.43%	-8.10%	4.09%	10.61%	21.11%	**16.88%**
(पीबीडीआईटी/ कुल आय) %	-3.71%	-3.97%	-49.31%	-55.57%	2.51%	9.97%	21.82%	25.56%	27.43%	**23.66%**
परिचालन लागत/ परिचालन आय %	62.96%	85.55%	97.24%	85.22%	65.99%	63.84%	54.63%	53.34%	55.05%	**49.84%**

कुल आय



	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
कुल आय	3,663	6,554	11,276	11,024	9,480	11,967	8,563

प्रति कर्मचारी कुल आय



लाभ (हानि)



	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
लाभ (हानि)	(3,655)	(1,732)	(913)	451	1,006	2,526	1,446

कुल आय पर लाभ



	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
कुल आय पर लाभ	-99.77%	-26.43%	-8.10%	4.09%	10.61%	21.11%	16.88%

सकल मार्जिन



	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
सकल मार्जिन	(2,036)	165	1,124	2,405	2,423	3,283	2,026

कुल आय पर सकल मार्जिन



	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
कुल आय पर सकल मार्जिन	-55.57%	2.51%	9.97%	21.82%	25.56%	27.43%	23.66%

टर्नओवर



	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
टर्नओवर	1,706	4,584	8,819	8,536	7,801	10,050	7,028

कुल ब्यय के प्रति वित्तीय लागत



	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20
कुल ब्यय के प्रति वित्तीय लागत	17.56%	16.41%	13.47%	14.25%	10.69%	2.74%	0.96%

500 ml
5 ltrs
BLEACHING POWDER

Tiger
Cantharidine
Hair Oil
Aqua
Ptychotis
100 ml
400 ml
Kalnegh
2345

निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय अंशधारकों,

आपके निदेशकों को 31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष पर बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (बीसीपीएल) के कारोबार और संचालन पर 39वीं वार्षिक विवरण और इसके अंकेक्षित वित्तीय विवरण के साथ-साथ लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवं इनके ऊपर भारत के महानियंत्रक तथा लेखा परीक्षक की अभिमत पेश करने में खुशी हो रही है।

1. वित्तीय विशिष्टताएं

वर्ष 2019-20 के दौरान, आपकी कंपनी ने 2017-18 में 7,801 लाख रु० तथा 2018-19 में 10,050 लाख रु० की तुलना में 7,028 लाख रु० की टर्नओवर हासिल की। इसी तरह, आपकी कंपनी ने लगातार चार वर्षों जोकि 2016-17, 2017-18, 2018-19, तथा 2019-20 में लाभ अर्जित कर काफी उन्नति की है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने 2013-14 में 3,655 लाख रु० की हानि की तुलना में तथा 2018-19 में 2,526 लाख रु०, 2017-18 में 1,006 लाख रु० तथा 2016-17 में 451 लाख रु० की तुलना में 1,446 लाख रु० का लाभ रिपोर्ट किया है।

वर्ष 2019-20 के दौरान आपकी कंपनी की वित्तीय विशिष्टताएं तथा मुख्य वित्तीय अनुपात, पिछले दो वर्षों के परस्पर आंकड़ों के साथ निम्न प्रकार है:

(रूपए लाख में)

क्र.सं.	विवरण	2017-18	2018-19	2019-20
1	परिचालन आय (टर्नओवर)	7801	10050	**7028**
3	कर पूर्व लाभ (हानि)	1006	2526	**1446**
4	मूल्यह्रास	512	512	**511**
5	वित्त लागत	905	245	**68**
6	सकल मार्जिन (पीबीडीआईटी)	2423	3283	**2026**
7	कॉर्पोरेट गवर्नेंस रेटिंग	उत्कृष्ट	उत्कृष्ट	**उत्कृष्ट***
8	देनदार आवर्त (दिनों की सं.)	105	128	**165**
9	इन्वेंटरी आवर्त (दिनों की सं.)	92	62	**86**
10	ब्याज कवरेज अनुपात	2.68	13.40	**29.59**
11	चालू अनुपात	0.75	0.98	**1.15**
12	ऋण समता अनुपात	2.73	2.61	**2.52**
13	परिचालन लाभ मार्जिन (%)	25.56%	27.43%	**23.66%**
14	लाभ मार्जिन (%)	10.61%	21.11%	**16.88%**

*कंपनी ने इसकी स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्कृष्ट कॉर्पोरेट गवर्नेंस रेटिंग प्राप्त की है।

2. पूंजी संरचना

कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी 8000 लाख रूपये है (प्रत्येक 1000/- रूपये के हिसाब से 80000 सामान्य अंशों में विभाजित) और कंपनी की चुकता शेयर पूंजी 7696 लाख रूपये है (769604 सामान्य अंशों में प्रत्येक 1000/- रूपये के हिसाब से विभाजित)।

3. लाभांश और संचय

यद्यपि आपकी कंपनी पिछले चार वर्षों से शुद्ध लाभ रिपोर्ट कर रही है, लेकिन वर्ष दर वर्ष निरंतर हानि के कारण और इसके लाभ-हानि खाते/ सामान्य संचय खाते में 20866 लाख रूपए का डेबिट शेष होने के कारण, आपके निदेशक वर्ष 2019-20 के लिए किसी भी लाभांश के भुगतान की सिफारिश नही करते हैं और 1307 लाख रूपए के शुद्ध लाभ की संपूर्ण राशि लाभ-हानि खाते के डेबिट शेष/ संचित हानि के साथ समायोजित की गई है।

4. उत्पादन:

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने गत वर्ष 2018-19 के दौरान 12,345 लाख रुपये के उत्पादन तथा 2017-18 में 9,818 लाख रुपये के उत्पादन की तुलना में 8419 लाख रुपये का उत्पादन किया।

5. संचालन:

बीसीपीएल के उत्पादों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है, जिनका नाम (i) औद्योगिक रसायन (प्रभाग I), (ii) फार्मास्यूटिकल्स (प्रभाग II), तथा (iii) गृह उत्पाद (प्रभाग III) है। वर्ष 2019-20 के दौरान, उपरोक्त प्रभागों की उपलब्धियों का उल्लेख नीचे किया गया है:

5.1 औद्योगिक रसायन (प्रभाग I):

आपकी कंपनी के औद्योगिक रसायन प्रभाग ने वर्ष 2019-20 में **316 लाख रूपये** की शुद्ध टर्नओवर हासिल की। इस प्रभाग ने वर्ष 2019-20 में बीसीपीएल की टर्नओवर में 4% का योगदान दिया।

5.2 फार्मास्यूटिकल्स प्रभाग (प्रभाग II):

बीसीपीएल के फार्मास्यूटिकल्स प्रभाग ने वर्ष 2019-20 में **3675 लाख रूपए** की शुद्ध टर्नओवर रिपोर्ट की है। इस प्रभाग ने वर्ष 2019-20 में कंपनी की टर्नओवर में 53% का योगदान किया है।

5.3 गृह उत्पाद (प्रभाग III):

कंपनी के गृह उत्पाद प्रभाग ने वर्ष 2019-20 में **3037 लाख रूपये** की शुद्ध टर्नओवर हासिल की है। इस प्रभाग ने वर्ष 2019-20 में कंपनी की टर्नओवर में 43% का योगदान किया है।

6. विपणन पहल/ प्रमुख व्यवसाय विकास

6.1 आपकी कंपनी ने इसके गृह उत्पादों के व्यवसाय के लिए "Bigbasket" नाम से प्रसिद्ध ऑनलाइन रिटेल स्टोर के साथ गठजोड़ के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म शुरू किया है।

6.2 आपकी कंपनी ने Future Group (Big Bazar), Reliance and Grofers इत्यादि के साथ उनके ई-रिटेल आउटलेट/ सुपरमार्केट/ शौपिंग मॉल से अपने गृह उत्पादों के प्रदर्शन ओर बिक्री के लिए गठजोड़ कर मॉडर्न ट्रेड में प्रवेश करने की पहल की है।

6.3 आपकी कंपनी ने उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए 1 लीटर एचडीपी जार की पैकिंग में अपना "फिनॉल" लांच किया है।

6.4 आपकी कंपनी ने व्हाइट टाइगर के लिए लेमन फ्लेवर के साथ एक नया संस्करण/ ब्रांड एक्सटेंशन शुरू किया है। यह फर्श की सफाई के साथ ताज़गी और अद्वितीय मच्छर विकर्षक प्रदान करता है।

6.5 बीसीपीएल के उत्पादों को सीधे अंतिम उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाने और विपणन नेटवर्क को बढ़ाने के लिए, बीसीपीएल ने मुंबई और कोलकाता में एक्सक्लूसिव खुदरा स्टोर खोले हैं।

इसके अलावा, बीसीपीएल के फार्मास्यूटिकल्स फार्मूलेशन का व्यवसाय, औषध विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई औषधि क्रय नीति पर आधारित है। इस औषधि क्रय नीति का कार्यकाल 9 दिसंबर 2018 को समाप्त हो गया था, जिसे भारत सरकार ने नवम्बर 2019 में नवीकृत किया था।

7. बीसीपीएल की रणनीतिक बिक्री की स्थिति:

28 दिसम्बर 2016, को केंद्रीय कैबिनेट ने बीसीपीएल की बकाया देयताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक इसकी अधिशेष भूमि की बिक्री को मंजूरी दी। यह बिक्री सरकारी एजेंसियों को खुली प्रतिस्पर्धी बोली के जरिए की जाएगी और बकाया देयताएं बिक्री की आय से चुकाई जाएंगी। केंद्रीय कैबिनेट ने बीसीपीएल की रणनीतिक बिक्री को भी मंजूरी दे दी है। तदनुसार, बीसीपीएल ने पानीहटी फैक्ट्री में अधिशेष भूमि की बिक्री के लिए निविदा को अंतिम रूप दिया और इसे एमएसटीसी लिमिटेड की वेबसाइट पर अपलोड किया। लेकिन अंतिम तिथि की तारीख को दो बार बढ़ाने के बाद भी किसी बोली लगाने वाले ने अपना प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया। इसी समय बंगाल केमिकल्स श्रमिक कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने 20/06/2017 को कलकत्ता के माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष एक याचिका दायर कर दी और इसकी सुनवाई 06 फरवरी 2018 को हुई और कलकत्ता के माननीय उच्च न्यायालय ने उपरोक्त के सबंध में आदेश पारित किया और बीसीपीएल की रणनीतिक बिक्री के संबंध में केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले को रद्द कर दिया। इसके अलावा, उपरोक्त आदेश को चुनौती देने के लिए, प्रशासनिक मंत्रालय ने कलकत्ता के माननीय उच्च न्यायालय की डिवीज़नल बेंच के समक्ष अपील दायर की है, जो माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष सुनवाई के लिए लंबित है।

8. प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

सीपीएसई के लिए कॉर्पोरेट गवर्नेंस के दिशानिर्देशों के अंतर्गत वर्ष 2019-20 के लिए प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

9. कॉर्पोरेट गवर्नेंस

बीसीपीएल एक कानूनी, नैतिक और पारदर्शी तरीके से व्यापार के संचालन में अच्छी कॉरपोरेट गवर्नेंस प्रथा का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी का मानना है कि अच्छी कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रथा अपने सभी हितधारकों जैसेकि अंशधारकों, प्रबंधन, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, फाइनेंसरों, सरकार, कर्मचारियों और समुदाय के लिए दीर्घावधि तक धन के सृजन की ओर ले जाती है। बीसीपीएल लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी किए गए कॉर्पोरेट गवर्नेंस के दिशानिर्देशों का पालन करती है और प्रशासनिक मंत्रालय को तिमाही/ वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट जमा करती है। वर्ष 2019-20 के लिए,

आपकी कंपनी ने इसकी स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार सीपीएसई के लिए डीपीई द्वारा जारी किए गए कॉर्पोरेट गवर्नेंस के दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए **"उत्कृष्ट"** रेटिंग प्राप्त की है। इसके अलावा, वर्ष 2018-19, 2017-18, 2016-17 तथा 2015-16 के लिए डीपीई ने बीसीपीएल को "उत्कृष्ट" कॉर्पोरेट गवर्नेंस रेटिंग से पुरष्कृत किया था। इसलिए, बीसीपीएल ने पिछले 5 वर्षों से लगातार **"उत्कृष्ट"** कॉर्पोरेट गवर्नेंस रेटिंग प्राप्त की है। अभ्यासरत कंपनी सचिव के अनुपालन प्रमाण पत्र सहित कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट को इस रिपोर्ट में **अनुलग्नक-II** में संलग्न है।

10 सतर्कता गतिविधियाँ

सतर्कता विभाग, सतर्कता से संबंधित मामलों में शीर्ष प्रबंधन के लिए एक सलाहकार की भूमिका निभाता है। यह औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक अंशकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी और एक अंशकालिक सतर्कता अधिकारी के नेतृत्व में है। सतर्कता विभाग, निवारक जांच के माध्यम जैसेकि (i) पारदर्शिता की त्रैमासिक सूचना (ii) निविदाओं और अनुबंधों के लिए वेबसाइट का उपयोग, से मुख्य सतर्कता आयोग (सीवीसी) की दिशा-निर्देशों/ प्रक्रियाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, विभाग द्वारा दो आकस्मिक निरीक्षण किए गए थे। तिमाही रिटर्न अर्थात वार्षिक कार्य और भ्रष्टाचार विरोधी उपायों और सीवीओ की मासिक रिपोर्ट निर्धारित समय में सीवीसी को भेज दी गई थी। इसके अतिरिक्त पूर्व-सतर्कता संबधी उपाय किए गए है जोकि निम्नलिखित हैं:-

- प्रतिस्पर्धा के लिए विक्रेता आधार का विस्तार
- बीसीपीएल की जमीन का सीमांकन और भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण;
- लेखा परीक्षा प्रणाली के सुदृढ़ीकरण;
- सामग्री की गतिशीलता के निरिक्षण और कार्यालय/ फैक्टरी परिसर में सुरक्षा पर्यावरण में सुधार के लिए सीसीटीवी की स्थापना;
- विस्सल ब्लोअर पॉलिसी;

11 मानव संसाधन

31 मार्च, 2020, को आपकी कंपनी के पास 162 कर्मचारी थे, जिसमें से 34 कर्मचारी तकनीकी रूप से या व्यावसायिक रूप से योग्य हैं। कंपनी के पास 23 महिला कर्मचारी हैं। विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसेकि भविष्य निधि, ग्रेच्युटी और समूह दुर्घटना बीमा योजनायें कंपनी में उपलब्ध हैं।

11.1 प्रेसिडेन्सियल निर्देशों पर स्थिति

(क) आरक्षित श्रेणी के लोगों के लिए आरक्षण नीति पर दिशानिर्देश

भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आरक्षण नीति पर राष्ट्रपति के निर्देश, सीधी भर्ती में आरक्षण के लिए कुछ प्रतिशत निर्दिष्ट श्रेणी के अभ्यार्थियों जोकि अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग और शारीरिक बिकलांग हैं, के लिए आरक्षण प्रदान करते हैं। इसके अलावा, निर्देश

सीधे भर्ती और निर्दिष्ट श्रेणी के कर्मचारियों के लिए कुछ रियायतों और छूट का भी प्रावधान करते हैं। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आरक्षण पर राष्ट्रपति निर्देश क्रमशः 15%, 7.5%/ 27%, तथा 10% हैं। चूंकि बीसीपीएल इसके राष्ट्रीयकरण 1981 के बाद से एक घाटे वाला पीएसयू था, इसलिये कर्मचारियों की भर्ती बिलकुल नहीं हो रही है, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ बिकलांग/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आरक्षण पर राष्ट्रपति के निर्देशों का अनुपालन पूरी तरह से नहीं किया जा सकता।

(ख) अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग:

31 मार्च 2020 को कंपनी के रोल पर अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़े वर्ग के कर्मचारियों की संख्या क्रमश: 19, 1 और 6 है, जो कुल संख्या का क्रमश: 11.73%, 0.62% एवं 3.70% हैं।

(ग) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति:

31 मार्च 2020 को शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की संख्या 9 थी, जो कुल कर्मचारियों की संख्या का 5.56% है। शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों को उनकी शारीरिक क्षमता के अनुरूप हल्के काम में लगाया गया है।

11.2 श्रमशक्ति स्थिति

क) 31 मार्च 2020 को कुल कर्मचारी जिनमें अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ शारीरिक रूप से विकलांग / अल्पसंख्यक शामिल हैं, को नीचे उल्लेखित किया गया है:

ग्रुप	स्थायी कर्मचारी		कुल कर्मचारी
	पुरुष	महिला	
क	6	0	6
ख	38	5	43
ग	65	9	74
घ	30	9	39
कुल	**139**	**23**	**162**
प्रतिशत	**85.80%**	**14.20%**	**100%**

ख.) 31/03/2020 को अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों का प्रस्तुतीकरण निम्नानुसार है:

ग्रुप	रोल पर कर्मचारी	अनुसूचित जाति	अनुसूचितजन जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	विकलांग	अल्पसंख्यक	सामान्य
		सं.	सं.	सं.	सं.	सं.	सं.
क	6	0	0	1	0	0	5
ख	43	4	0	2	0	1	36
ग	74	8	1	2	9	3	51
घ	39	7	0	1	0	0	31
कुल	**162**	**19**	**1**	**6**	**9**	**4**	**123**
प्रतिशत	**100%**	**11.73%**	**0.62%**	**3.70%**	**5.56%**	**2.47%**	**75.93%**

* क XIII से XIX स्तर तक दर्शाता है, ख X से XIII स्तर तक दर्शाता है, ग IV से IX स्तर तक दर्शाता है, घ I से III स्तर तक दर्शाता है।

11.3 कर्मचारियों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण

कंपनी ने प्रशिक्षण के माध्यम से अपने कर्मचारियों की अंतर्निहित शक्ति को इस्तेमाल करने के लिए भी पहल की है। कर्मचारियों को उनके तकनीकी, संचार, व्यक्तिगत कौशल को बढाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सेमिनार, कार्यशालाओं में प्रायोजित किया जा रहा है। वर्ष 2019-20 के दौरान, 75 मैनडेज प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा, बीसीपीएल ने बीसीपीएल के निदेशक मंडल में नव-नियुक्त निदेशकों को प्रशिक्षण देने के लिए निदेशकों की प्रशिक्षण नीति की भी शुरुआत की है। बीसीपीएल द्वारा कर्मचारियों को दिए गए आंतरिक व ब्राह्य प्रशिक्षण का विवरण निम्नलिखित है:

क) आंतरिक प्रशिक्षण:

वर्ष 2019-20 के दौरान, कंपनी ने विभिन्न आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। सभी आतंरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण नीचे दर्शाया गया है:

क्र.सं	दिनांक	स्थान	विषय	कुल मैनडेज
1	24/07/2019	कॉर्पोरेट कार्यालय	जीईएम क्रय पर प्रशिक्षण	7
2	05/12/2019		आरंभिक प्रशिक्षण	14
3	09/01/2020		"निवारक सतर्कता" पर संवादात्मक सत्र	38
कुल				**59**

ख) बाहरी प्रशिक्षण:

वर्ष 2019-20 के दौरान आपकी कंपनी ने विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओ द्वारा आयोजित कार्यक्रम/ कोर्सेज हेतु कुछ अधिकारियों को विभिन्न बाहरी प्रशिक्षण कार्यकमों/ कोर्सेज में नामित किया। विभिन्न बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण निम्न प्रकार है:

क्र. सं.	दिनांक	स्थान	विषय	कुल मैनडेज
1	22/04/2019 to 26/04/2019	बी.ओ.पी.टी.. (ई.आर.), साल्ट लेक	कौशल विकास पर प्रशिक्षण	5
2	16/05/2019	औषध विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, नई दिल्ली	GeM क्रय पर क्षमता निर्माण	1
3	07/09/2019	रैडिसन होटल, कोलकाता	ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक नियम, 1945 में हाल के संशोधनों पर कार्यशाला	3

क्र. सं.	दिनांक	स्थान	विषय	कुल मैनडेज
4	14/11/2019 से 15/11/2019	इंडिया हैबिटैट सेंटर, नई दिल्ली	आईएसओ 31000 और आईएसओ 37001 के साथ "कॉर्पोरेट जोखिम प्रबंधन पर कार्यशाला"	2
5	14/01/2020	नई दिल्ली	मंत्रालयों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (CPSEs) के साथ GeM-Samvaas-Roundtable	2
6	14/02/2020 to 16/02/2020	हैदराबाद	बोर्डरूम प्रभावशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम	3
कुल				**16**

12 राजभाषा का प्रचार-प्रसार

बीसीपीएल अपने कॉर्पोरेट कार्यालय, सभी कारखानों, और सभी डिपो में राजभाषा/ हिंदी के कार्यान्वयन हेतु सभी सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करती है। राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) कंपनी के विभिन्न कार्यों में हिंदी और अंग्रेजी भाषा के प्रयोग की अनिवार्यता पर जोर देती है।

कार्यालीन कार्यों में हिंदी नोटिंग्स, ड्राफ्टिंग आदेशों और परिपत्रों, मुद्रण सामग्री, लेबल्स, कार्टन, दवाइयों की पैकिंग आदि के ऊपर इंग्लिश के साथ हिंदी में प्रिंटिंग द्वारा कंपनी में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए कंपनी ने प्रयास किया है।.

कर्मचारी, जो सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रवीण व प्राज्ञ परीक्षा पास कर लेते हैं, उन्हें नकद पुरस्कार दिए जाते हैं। कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए हिंदी अखबारें भी क्रय करती है। कंपनी की वेबसाइट का हिंदी संस्करण भी अपलोड किया गया है। कंपनी हर वर्ष अपनी हिंदी गृह पत्रिका "संजीवनी" का भी प्रकाशन करती है। 14 सितम्बर 2019 से 28 सितम्बर 2019 तक आपकी कंपनी ने कॉर्पोरेट कार्यालय और सभी फैक्ट्रियों में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जिसमें बीसीपीएल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता के अधीन बीसीपीएल के सात बरिष्ठ अधिकारियों की एक राजभाषा कार्यान्वयन समिति भी बनाई गई है। यह समिति नियमित रूप से मिलती है और दैनिक नियमित कार्यालीन कार्यों में राजभाषा के उपयोग को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव और सिफारिश करती है। वर्ष 2019-20 के दौरान, पत्राचार, नोटिंग्स एवं ड्राफ्टिंग से संबंधित भारत सरकार द्वारा 2019-20 के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित किए गए लक्ष्यों को बीसीपीएल द्वारा पूरा कर लिया गया था।

कंपनी ने हिंदी में आधिकारिक कार्यों के लिए कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए हिंदी कार्यशालाओं, सेमिनारों और प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था करके पात्र कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए अपना प्रयास जारी रखा है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, 6 कार्यशालाएं आयोजित की गई थी। इसके अलावा, वर्ष 2019-20 में बीसीपीएल की "राजभाषा कार्यान्वयन समिति" की चार बैठकें आयोजित हुई।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय का प्रतिनिधिमंडल ने राजभाषा अधिनियम, 1963 के प्रावधानों का अनुपालन और बीसीपीएल में हिंदी की प्रगति का निरीक्षण करने के लिए 13/02/2020 को बीसीपीएल का दौरा किया। कंपनी अपने कर्मचारियों को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के विभिन्न सदस्यों द्वारा आयोजित किए जाने वाले हिंदी प्रतियोगिताओं/ कार्यक्रमों में भी नामित करती है।

13 प्रशासनिक व्ययों में मितव्ययता

सरकार के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए, वर्ष 2019-20 के दौरान बीसीपीएल में प्रशासनिक व्ययों में कमी करने के लिए प्रयास किए गए। गत वर्ष 2018-19 में 26.34%, 2017-18 में 30.54% तथा 2015-16 में 40.10% की तुलना में, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, प्रशासनिक व्यय कुल आय के 35.44% थे।

बीसीपीएल ने लागत बचत के लिए कई निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

केंद्रीकृत क्रय प्रणाली, केंद्रीकृत लेखा प्रणाली, केंद्रीकृत उगाही प्रणाली, केंद्रीकृत भुगतान प्रणाली, केंद्रीकृत बिल प्रोसेसिंग प्रणाली, केंद्रीकृत पेरोल प्रणाली, केंद्रीकृत स्टोर्स प्रणाली, केंद्रीकृत कोष प्रबंधन प्रणाली, केंद्रीकृत मानव संसाधन अभिलेख रख-रखाव प्रणाली, निष्क्रिय बैंक खातों को बंद करना, कॉर्पोरेट कार्यालय, फैक्ट्रियों और डिपो में सीसीटीवी की स्थापना, घोड़ों का निपटान जो वर्षों से अप्रयुक्त थे, मानिकतल्ला और पानिहटी में औद्योगिक इलेक्ट्रिक कनेक्शन को वियोजित करके घरेलू इलेक्ट्रिक मीटर की स्थापना, अवांछित टेलीफोन कनेक्शनों को समर्पण/ वियोजित, बैंक खातों/ शेष का युक्तिकरण और बैंक ब्याज में कटौती, बिक्री/ वितरण नियमावली का कार्यान्वयन, डीपीई दिशानिर्देशों और जीएफआर नियमों का अनुपालन, कंपनी के बैंकरों के साथ अनुरोध और बातचीत के बाद बैंक ब्याज दरें कम की, अर्धवार्षिक स्टॉक सत्यापन प्रणाली कि शुरुआत इत्यादि।

14 औद्योगिक संबंध

वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी के सभी फक्ट्रियों, डिपो और व्यवसायिक क्षेत्र/ कार्यालयों में औद्योगिक संबंध सद्भावनापूर्ण और शांतिपूर्ण रहे। वर्ष के दौरान सहभागिता संस्कृति और संचार पर जोर दिया गया।

15 कार्यस्थल पर महिलाओं का सुरक्षण

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के खिलाफ संरक्षण प्रदान करने के लिए और रोकथाम के लिए और यौन उत्पीड़न की शिकायतों के निवारण और उससे संबंधित या आनुषंगिक मामलों का हल निकलने के लिए एक कानून "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013" महिला एवं बाल

विकास मंत्रालय, भारत सरकार के नियमों की अधिसूचना के साथ 9 दिसम्बर 2013 को अस्तित्व में आया। इस अधिनियम और इसके नियमों के प्रावधानों का सख्ती के साथ अनुपालन किया जाता है। इस अधिनियम के अनुसार, एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया गया है। वर्ष 2019-20 के दौरान यौन उत्पीड़न की कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई। कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर भी "कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013'' उपलब्ध है।

16 निदेशक मंडल

क) वर्तमान में बीसीपीएल बोर्ड में निम्न शामिल हैं:

क्र.सं.	नाम	से प्रभावी
1.	श्री पीएम चंद्रय्या* प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (वित्त)	25 नवंबर 2014
2.	श्री जितेन्द्र त्रिवेदी अंशकालिक (शासकीय) निदेशक [सरकार नामित निदेशक]	6 जुलाई, 2016

* औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार ने श्री पीएम चंद्रय्या, निदेशक (वित्त) को 01 जून 2016 से प्रभावी तीन महीने की शुरुआती अवधि के लिए बीसीपीएल के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था, जो समय-समय पर 31 अगस्त 2020 तक बढ़ाया गया था।

ख) समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, श्री सजल कुमार रॉय चौधरी, गैर-शासकीय (स्वतंत्र) निदेशक का कार्यकाल 08/08/2019 को समाप्त हुआ था। इसके अलावा, वर्ष के दौरान कोई नया निदेशक/ प्रमुख प्रबन्धकीय कार्मिक (केएमपी) नियुक्त नही किया गया था। निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों और अन्य कर्मचारी से संबंधित नीति का उल्लेख इस रिपोर्ट के साथ सलंग्न कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट में किया गया है।

17 निदेशक मंडल की बैठकें

वर्ष के दौरान पांच निदेशक मंडल की बैठकों का आयोजन किया गया। निदेशक मंडल की बैठकों का विस्तृत विवरण इस रिपोर्ट के साथ सलंग्न कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट में दिया गया है।

18 लेखापरीक्षा समिति का विवरण

निदेशक मंडल स्तर की लेखा परीक्षा समिति का विवरण इस रिपोर्ट के साथ सलंग्न कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट में दिया गया है। इसके अलावा, ऐसा कोई उदाहरण नही है कि निदेशक मंडल ने लेखा परीक्षा समिति की सिफारिश को स्वीकार नहीं किया हो।

19 धारा 143 (12) के तहत लेखा परीक्षक द्वारा धोखेबाजी मामले में दी गई रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(12) को ध्यान में रखते हुए वर्ष के दौरान कंपनी में न धोखेबाजी की कोई घटना घटी, और न ही सांविधिक लेखापरीक्षक अथवा लागत लेखापरीक्षक ने कोई धोखेबाजी रिपोर्ट की है।

20 लेखा परीक्षक की अहर्ताओं पर बोर्ड की व्याख्या और टिप्पणियों संबधिंत विवरण

बीसीपीएल के प्रबंधन द्वारा दिये गए उत्तर और व्याख्या अलग से वर्ष 2019-20 के कंपनी के वित्तीय विवरणों के साथ सलंग्न हैं।

21 तुलनपत्र की तारीख के बाद घटी धटनाएँ

तुलनपत्र की तारीख 31 मार्च 2020 के बाद ऐसी कोई महत्वपूर्ण घटना नहीं घटी, जो बीसीपीएल की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करे।

22 सुरक्षा एवं बचाव

बीसीपीएल में यह सोचते हैं, कि मानव जीवन मूल्यरहित है जिसके खोने पर ना ही उसे धन से पूरा किया जा सकता है और ना ही इसकी निष्ठा और अनुभव का कोई विकल्प हो सकता है। यह हमें कर्मचारियों के साथ-साथ हमारे हितधारकों के लिए कार्यस्थल को सुरक्षित रखने की पेरणा देता है। बीसीपीएल की विनिर्माण इकाईओं में मजबूत स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण (एचएसई) प्रबंधन व्यवस्था उपलब्ध है। वर्ष के दौरान संस्थान में किसी भी प्रकार की गंभीर विपत्ति या दुर्घटना नहीं हुई। आपकी फैक्ट्रियों/ यूनिटों में कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं बचाव का माहौल पैदा करने व बनाए रखने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

(क) संयंत्र और फैक्ट्री परिसर में उच्च स्तर की उपस्कर सज्जा बनाई रखी जाती है।

(ख) अग्निशमक यंत्रों (मैकेनिकल फोम, ड्राई केमिकल पाउडर और कार्बन-डाइऑक्साइड) को फिर से भर दिया गया है।

(ग) उत्पादन और रखरखाव से संबंधित नौकरी में काम करने वाले व्यक्तियों को उपयुक्त निजी सुरक्षा उपकरण (पीपीई) दिए गए हैं।

(घ) फैक्ट्री परिसर में अलग-अलग जगहों पर काम कर रहे ठेकेदारों को भी पीपीई का उपयोग अनिवार्य किया गया है।

(ङ) सभी कम्प्रेसर, आटोक्लेव और प्रेशर वाहिकाओं और लिफ्ट और स्टेकर के निरीक्षण के लिए अल्ट्रासोनिक शैल थिकनेस टेस्ट फैक्टरी नियमों की अनुसूची के अनुसार किया जाता है।

(च) आम उत्थान उपचार संयंत्र (सीईटीपी) उपयोग में है और ट्रीटेड पानी हमारे क्यूसी प्रयोगशाला में नियमित अंतराल में परीक्षित किया जाता है। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा भी अपनी प्रयोगशाला में हमारे संयंत्र से ट्रीटेड पानी का नमूना लेकर परीक्षण किया जाता है।

(छ) एक अलग क्षेत्र उचित शेड और अलग क्षेत्र में विभिन्न खतरनाक कचरे के भंडारण के लिए विभाजन के साथ बनाया गया है। पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अधिकृत एक एजेंसी निपटान के लिए इस क्षेत्र में एक ही फॉर्म एकत्र करती है।

(ज) अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग खतरनाक कचरे के भंडारण के लिए एक वैट का निर्माण किया जा रहा है। अधिकृत एजेंसी इसके निपटन के लिए इसे इसी क्षेत्र से उठाएगी।

(झ) धुआँ डिटेक्टर और फायर अलार्म लगाये गए हैं।

(ञ) बीसीपीएल के सभी कार्यालयों, फिक्ट्रियों और डिपो में सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं।

(ट) बीसीपीएल की सभी इकाइयों के आसपास के अतिक्रमियों को रोकने के लिए गेट कंट्रोल सिस्टम भी शुरू किया गया है।

23 निदेशकों की जिम्मेदारी विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(सी) और 134(5) के तहत आपके निदेशक इस बात की पुष्टि करते है कि:

i) वार्षिक लेखों को बनाने में लागू लेखा मानकों का महत्वपूर्ण विचलनों के उचित स्पष्टीकरण साथ पालन किया गया है;

ii) निदेशकों ने ऐसे लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उन्हें निरंतर लागू किया है तथा ऐसे निर्णय और अनुमान किए हैं जो कि इतने तर्कसंगत और उपयुक्त हैं कि वर्ष 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के कंपनी के कारोबार की स्थिति तथा इस अवधि के दौरान कंपनी के लाभ-हानि का सही और उचित दृश्य प्रस्तुत कर सकें।

iii) निदेशकों ने कंपनी की परिसम्पतियों की सुरक्षा और जालसाजी तथा अन्य अनियमितताओं से बचाव के लिए इस अधिनियम के अनुसार लेखों का समुचित रिकॉर्ड रखे जाने पर उपयुक्त एवं पर्याप्त ध्यान दिया है;

iv) निदेशकों ने "गोइंग कंसर्न" आधार पर वार्षिक खातों को तैयार किया है;

v) निदेशकों ने लागू होने वाले सभी कानूनों के अनुपालन को सुनिचित करने के लिए समुचित प्रणालियाँ तैयार की है और ये सभी प्रणालियाँ पर्याप्त हैं तथा प्रभावी तरीके से काम कर रही हैं;

24 लागत लेखा परीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए मैसर्स के. बनर्जी एंड क०, लागत लेखाकार को लागत लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। कुछ आकस्मिक और अपरिहार्य मुद्दों के कारण, मैसर्स के. बनर्जी एंड क० ने अपने पत्र दिनांकित 18/01/2020 के माध्यम से वर्ष 2019-20 हेतु बीसीपीएल के लगत लेखा परीक्षक के रूप से इस्तीफा दे दिया। इसलिए, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, लागत लेखा परीक्षक की आकस्मिक रिक्ति बीसीपीएल के बोर्ड द्वारा भरी गई और मेसर्स सत्यब्रत दासगुप्ता एंड कं0 को उसी पारिश्रमिक पर वर्ष 2019-20 के लिए लागत लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया जिसे 22/05/2019 को 38वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों ने अनुमोदित किया था। वर्ष 2019-20 के लिए लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट निर्धारित समय के अंदर केन्द्र सरकार को जमा कर दी जाएगी। वर्ष 2018-19 की लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट वैधानिक समय सीमा के भीतर कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय को भेज दी गई थी।

25 लेखापरीक्षक

वर्ष 2019-20 के लिए भारत के नियंत्रक एवं महा-लेखापरीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा नियुक्त कंपनी के वैधानिक लेखापरीक्षक निम्नानुसार हैं-

क्र.सं.	संस्थान का नाम	क्षेत्र
1.	मैसर्स एम चौधरी एंड क०, कोलकाता, (सीए0063)	कॉर्पोरेट कार्यालय, मुख्यालय, मानिकतल्ला, पानीहटी, दिल्ली, जयपुर, चेन्नई, हैदराबाद, पटना, कटक, कानपुर, मुंबई की लेखापरीक्षा, तथा समस्त भारत समेकन

26 प्रकटीकरण के विवरण

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एम) के प्रावधानों के अनुसार, ऊर्जा के संरक्षण की जानकारी, प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी मुद्रा आय और व्यय की जानकारी विस्तृत रूप से निम्नानुसार है:

26.1 ऊर्जा दक्षता एवं इसका संरक्षण

मांग और आपूर्ति के बीच अंतर को कम करने के लिए और भारत में ऊर्जा की बढ़ती मांग के कारण मुख्य रूप से उत्पन्न होने वाले ऊर्जा संकटों का मुकाबला करने के लिए ऊर्जा संरक्षण हर क्षेत्र की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बीसीपीएल निम्न तरीकों से इस संबंध में योगदान दे रही है-

क) ऊर्जा संरक्षण के लिए किए गए उपाय: ऊर्जा की बढ़ती लागत को देखते हुए, कंपनी ऊर्जा के संरक्षण की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है और एक ऊर्जा कुशल इकाई होना कंपनी की प्रतिबद्धता है। प्रति उत्पादन की इकाई विशिष्ट ऊर्जा खपत सभी विनिर्माण संयंत्रों में नियमित रूप से नजर रखी जाती है और सुधारात्मक कार्रवाई आवश्यकतानुसार की जाती है।

ऊर्जा संरक्षण पर कंपनी द्वारा उठाए गए कदम और उनके प्रभाव:

- विद्युत फैक्टर बढ़ाने के लिए और बिजली बिल में अच्छा लाभ प्राप्त करने के लिए ऑटो मोड में ऑल पावर फैक्टर करेक्शन (एपीएफसी) पैनल को हर समय में सक्षम बनाए रखते हैं जिससे मानिकतला फैक्ट्री में वर्ष 2019-20 में औसत 93 तथा 66976/- रु० की पावर फैक्टर रिबेट प्राप्त हुई है।
- एलईडी में शत-प्रतिशत प्रकाश को परिवर्तित करना जिससे प्रकाश के लिए ऊर्जा की खपत कम हो गई।
- विद्युत ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए, हम विभिन्न प्रकार के मोटर ड्राइव, एचवीएसी ड्राइव, ऊर्जा कुशल उपकरणों आदि का उपयोग करते हैं। चर-गति ड्राइव या इनवर्टर का आगमन, जो मोटर में शक्ति के प्रवाह को नियंत्रित करता है, शक्ति को अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने का अवसर प्रदान करता है। अस्थिर-गति ड्राइव उन्हें धीरे-धीरे शुरू करने के बजाय पूरी गति तक बिजली की भारी उछाल के साथ करने की अनुमति देकर बिजली की मोटरों के जीवन का विस्तार कर सकते हैं।
- हमारे स्टीम बॉयलरों की ऊर्जा दक्षता (1.2T और 3T दोनों) रिसाव की पहचान और मरम्मत, बॉयलर के ब्लो-डाउन को कम करके, इन्सुलेशन में सुधार (बॉयलर और आसपास के उपकरण दोनों) तथा ताप पुनःप्राप्ति में सुधार सहित नियमित रखरखाव द्वारा बढ़ाई जाती है।
- वर्तमान लोड मांग पर विचार करने वाले तीन 1750 केवीए ट्रांसफार्मर में से किसी भी दो को बंद रखते हैं।
- पानिहटी फैक्ट्री में, फैक्ट्री परिसर के बाहर आवासीय क्वार्टर के लिए, 250KW टाइप एग्रिमेंटल लोड को 195KW हाई टेंशन रेट-A और 55KW हाई वोल्टेज डोमेस्टिक रेट-R में परिवर्तित कर दिया गया है।

- इंडस्ट्रियल टाइप एग्रीमेंटल लोड रेट-A, 195KW को 150KW तक कम कर दिया था।
- बीसीपीएल की पानिहटी फैक्ट्री सं. 2 में, हाई टेंशन एग्रिमेंटल लोड 50KW को 25KW तक कम कर दिया था।
- बीसीपीएल की पानिहटी फैक्ट्री सं. 2 में, हाई टेंशन एग्रिमेंटल लोड 25KW को हटा दिया गया क्योंकि यह प्रयोग में नहीं था।
- कुछ बैरियर की LT लाईनों को भी हटा दिया गया है क्योंकि ये भी प्रयोग में नही थी।
- कार्यालय में ऊर्जा के इष्टतम उपयोग के लिए सभी प्रकार की सावधानी जैसेकि जब भी कर्मचारी अपने कक्ष में नहीं होते हैं तब रोशनी/ पंखे/ एयर-कंडीशनर बंद करना, बरती जाती है।
- कुछ पुराने विंडो एयर कंडीशनर नया स्प्लिट एयर कंडीशनर से बदले गए है जिन्होंने ऊर्जा की खपत को कम किया है।
- मानिकतल्ला और पानिहटी फैक्ट्री के आवासीय क्वार्टरों में औद्योगिक विद्युत मीटर की जगह घरेलू विद्युत मीटर की स्थापना की गई है।

26.2 ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के इस्तेमाल के लिए उठाए गए कदम:

- सामान्य प्रकाश बल्ब और ट्यूब लाइट एलईडी के साथ प्रतिस्थापित किए गए हैं।
- कंपनी सौर छत प्रणाली के लिए योजना बना रही है।

26.3 तकनीकी समावेश

क. अनुसंधान एवं विकास:

1. गृह उत्पाद प्रभाग के वाइट टाइगर उत्पाद के दो नए वेरिएंट (1.नीम 2.नींबू खुशबू), एक साबुन आधारित बहु-उपयोग क्लींजर और डिओडोरेंट लॉन्च किया गया है।.

ख. तकनीकी समावेश

- तकनीकी समावेश की दिशा में किए गए प्रयास: न्यू बेटालैक्टम ब्लॉक में ड्राईपाउडर इंजेक्शन के लिए लगाए गए उपकरण, और एयर हैंडलिंग यूनिट्स (एएचयू) उनकी परिचालन योग्यता (ओक्यू) द्वारा योग्य हैं।
- उत्पाद विकास, लागत में कमी, उत्पाद सुधार आयात प्रतिस्थापन से हुए लाभ: कारखाने में नए उपकरणों की स्थापना के परिणामस्वरूप परिसर उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार आया है और लागत भी कम हो गई है।

- आयातित प्रौद्योगिकी के मामले में (वित्त वर्ष की शुरुआत से पिछले तीन वर्षों के दौरान आयातित): कंपनी द्वारा पिछले तीन वर्षों में किसी भी प्रौद्योगिकी का आयात नहीं किया गया है।

27 विदेशी मुद्रा आय और व्यय

वर्ष 2019-20 के दौरान, कंपनी ने विदेशी मुद्रा में कोई लेनदेन नहीं किया।

28 गुणवत्ता प्रबंधन: आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित एवं जीएमपी प्रमाणित

प्रथम भारतीय औषध कंपनी होने के नाते, बीसीपीएल प्रतिबद्धता, नवीनीकरण और सभी कर्मचारियों की टीम-वर्क की बदौलत उत्पादों की गुणवत्ता और ग्राहकों की संतुष्टि के लिए अग्रणी पदर्शन में लगातार सुधार ला रही है। आपकी कंपनी भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा प्रमाणित एक आईएसओ 9001:2015 संसथान है, जो 24/07/2018 से 01/07/2020 तक वैध है। बीआईएस द्वारा 08.04.2019 को एक निगरानी ऑडिट किया गया था और उन्होंने हमारे प्रमाणपत्र को जारी रखने के लिए सिफारिश की थी, क्योंकि वे आईएसओ आवश्यकताओं के अनुसार आपकी कंपनी की गुणवत्ता प्रणाली के प्रदर्शन से संतुष्ट थे।

गुणवत्ता आश्वासन हेतु बीसीपीएल गुणवत्ता स्थायित्व टेस्ट करती है और यह टेस्ट मासिक आधार पर उत्पाद की शेल्फ लाइफ के अंत तक किया जाता है। संकलित टेस्ट रिपोर्ट निदेशक मंडल के सामने इसकी समीक्षा और सुझाव के लिए पेश की जाती है।

कानपुर यूनिट: औषधि नियमों के अनुसार, ड्रग्स लाइसेंसिंग और नियंत्रण प्राधिकरण उत्तर प्रदेश ने 18/12/2019 को कानपुर फैक्ट्री को जीएमपी और जीएलपी प्रमाणपत्र जारी किया है जो 31/12/2022 तक वैध है।

29 कंपनी (नियुक्ति और प्रबन्धकीय कार्मिकों के पारिश्रमिक) नियम 2014 के नियम 5(2) के अनुसार कर्मचारियों के लिए वैधानिक सूचना नियम के संबंध में2014

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की 05 जून 2015 की अधिसूचना के संदर्भ में, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 और इसके तहत बनाए गए नियम सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं होंगे।

30 कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) तथा स्थिरता

बीसीपीएल ने सीएसआर एवं स्थिरता विकास नीति को अपनाया है, जिसे बोर्ड स्तरीय सीएसआर एवं स्थिरता विकास समिति, तथा निदेशक मंडल ने इनकी बैठकों में विधिवत रूप से अनुमोदित किया था। वर्ष 2019-20 के दौरान, बीसीपीएल ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में 18.66 लाख रु० की राशि का योगदान दिया है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) तथा स्थिरता विकास पर रिपोर्ट इस रिपोर्ट में **सलंग्न-III** में दी गई है।

31 ''स्वच्छ भारत अभियान'' के तहत पहल

आपकी कंपनी पहले ही अपने "गृह उत्पाद प्रभाग" के अंतर्गत विभिन्न कीटाणुनाशक और साफ-सफाई उत्पादों जैसे ब्लीचिंग पाउडर, फिनोल, नैप्थालीन बाल्स, क्लीन टायलेट आदि का उत्पादन करती है और इन उत्पादों की विभिन्न

अस्पतालों और सरकारी संगठनों में आपूर्ति कर रही है और "स्वच्छ भारत अभियान" में अपना योगदान दे रही है। आपकी कंपनी के प्रभाग III के उत्पादों की औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने भी स्वच्छ भारत अभियान हेतु सिफारिश की है। इसके अलावा, बीसीपीएल ने दिनांक 01/09/2019 से 15/09/2019 तक "स्वच्छ भारत पखवाड़ा" भी मनाया, जिसमें सभी कर्मचारियों ने भाग लिया और फैक्ट्री/ कार्यालय परिसर और संलग्न रोड/ क्षेत्र की सफाई की। स्वच्छ भारत पखवाडा की कुछ गतिविधियों का विवरण निन्नानुसार है-

क) बीसीपीएल के सभी कर्मचारियों द्वारा सामूहिक प्रतिज्ञा और स्वच्छ भारत मिशन के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसार।

ख) बैनर का प्रदर्शन, पुराने रिकॉर्ड की स्कैनिंग और पुरानी फाइलों को बाहर निकालना।

ग) कार्यालय/ फैक्ट्री परिसर में स्वच्छता अभियान चला रहे हैं।

घ) स्वच्छ भारत के संबंध में पैम्फलेट का वितरण।

ङ) फैक्टरी/ कार्यालय परिसर में कार्य क्षेत्रों में कीट नियंत्रण करना।

च) अपशिष्ट निपटान प्रणाली की दिशा में सफाई अभियान चलाना।

छ) एक्सपायर हो चुकी दवाइयों का डिस्पोजल, पेपर रिसाइकलिंग के लिए प्लांट लगाना।

ज) कार्यालय / कारखाने और आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान।

झ) स्वछता ऑडिट का संचालन करना और स्वच्छता अभियान चलाना।

32 वार्षिक विवरण का सार

कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2017 के अनुसार, निदेशकों की रिपोर्ट के साथ फॉर्म एमजीटी-7 (वार्षिक रिटर्न) बीसीपीएल की आधिकारिक वेबसाइट: www.bengalchemicals.co.in पर अपलोड किया गया है।

33 कानून का अनुपालन

आपकी कंपनी सभी लागू कानूनों का अनुपालन करती है। सभी विभागाध्यक्षों से उनके क्षेत्र से संबधित सभी कानूनों के अनुपालन का एक प्रमाण पत्र तिमाही आधार पर लिया जाता है और कंपनी के लिए लागू कानूनों के अनुपालन पर एक रिपोर्ट तिमाही आधार पर बोर्ड की बैठक में इसकी समीक्षा एवं सुझाव के लिए प्रस्तुत की जाती है।

34 सरकार के दिशानिर्देशों, नीतियों तथा सचिवीय मानकों का अनुपालन

लोक उद्यम विभाग और औषध विभाग और अन्य सरकारी प्राधिकरणों द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देश और नीतियों का सचिवीय मानकों सहित अनुपालन किया गया है।

35 ऋण, गारंटी या निवेश के विवरण

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत किसी भी तरह का ऋण/ किसी भी तरह की गारंटी एवं सुरक्षा/ कोई निवेश नहीं किया है।

36 ऋण अदायगी

भारत सरकार का ऋण: भारत सरकार ने अधिकतर 2005 से 2011 के दौरान 10642 लाख रुपये का योजना ऋण और 2310 लाख रुपये का गैर-योजना ऋण दिया है। 31/03/2020 को योजना ऋण में 900 लाख रूपए शेष तथा गैर-योजना ऋण में 1749 लाख रूपए शेष था तथा बाकि राशि का पिछले चार वर्षों में पुनर्भुगतान कर दिया गया है।

37 निदेशक 'नियुक्ति और पारिश्रमिक पर नीति

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम होने के नाते, कार्यकारी निदेशकों सहित सभी निदेशकों को भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से नियुक्त किया जाता है। प्रबंध निदेशक को 2007 के वेतनमान के 65000-75000 रुपये के वेतनमान पर नियुक्त किया जाता है, और निदेशक (वित्त) को 2007 के वेतनमान के 51300-73000 रुपये के वेतनमान पर नियुक्त किया जाता है। उनके नियमों और शर्तों को भी प्रशासनिक मंत्रालय, अर्थात् औषध विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा निर्धारित किया जाता है।

38 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के अंतर्गत स्वतंत्र निदेशक का घोषणापत्र

गैर-शासकीय (स्वतंत्र) निदेशक का पद 09/08/2019 से रिक्त है, बीसीपीएल के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति के लिए एक पत्र प्रशासनिक मंत्रालय को भेजा गया है।

हालाँकि, श्री एस.के. रॉय चौधरी, स्वतंत्र निदेशक (08/08/2019) ने घोषणा की थी कि वह कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) में दिए गए स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं।

39 डिपोजिट

कंपनी ने किसी भी तरह का डिपोजिट नहीं लिया है, जोकि कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय 5 के अंतर्गत आता हो और जो इसके अनुपालन में नही है।

40 संबंधित पार्टी के साथ अनुबंध या व्यवस्था का विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 (1) को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने संबंधित पार्टी के साथ किसी भी तरह का अनुबंध या व्यवस्था नहीं किया है।

41 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम

लघु एवं मध्यम उपक्रम मंत्रालय द्वारा एमएसएमई के लिए अधिसूचित सार्वजनिक क्रय नीति के तहत, वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, आपकी कंपनी ने 5399.68 लाख रूपए की खरीद (प्रोप्राइट्री आइटम, ब्रांडेड/ लोन लाइसेंसिंग आइटम को छोड़कर) में से लघु एवं मध्यम उपक्रम से 1685.56 लाख रूपए का माल क्रय किया, जो 31.45% है। एम.एस.एम.ई से क्रय का विवरण निम्नानुसार है:

2019-20 में क्रय का विवरण	मूल्य रूपए लाख में	प्रतिशत
कुल क्रय	5399.68	100%
एमएसएमई से क्रय (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एवं महिलाओं सहित)	1685.56	31.45%

इसके अलावा, 31/03/2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए एमएसएमई आपूर्तिकर्ताओं का कुछ भी देय/ बकाया नही है।

42 जोखिम प्रबंधन

जोखिम प्रबंधन कंपनी की रणनीतिक योजना का एक अभिन्न हिस्सा है। कंपनी में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है। आपकी कंपनी ने निदेशक बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित एक जोखिम प्रबंधन नीति अपनाई है। एक जोखिम प्रबंधन समिति भी गठित की गई है जिसकी तिमाही बैठक होती है और यह अपनी संकलित रिपोर्ट लेखापरीक्षा समिति और बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करती है।

43 प्रचार एवं जनसंपर्क

आपकी कंपनी को निम्नलिखित तरीकों के माध्यम से विशाल सार्वजनिक दृश्यता और ब्रांड को बढ़ावा देने में फायदा हुआ है:

विधि	विवरण
प्रिंट मीडिया	पत्रिकाओं, और प्रमुख समाचार पत्रों में प्रदर्शन
प्रदर्शनी	स्थानीय प्रदर्शनी: पानीहाटी उत्सव

44 अन्य वैधानिक प्रकटीकरण

44.1 वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी के कारोबार की प्रकृति में कोई बदलाव नहीं हुआ।

44.2 मैसर्स यूईएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मामले में माननीय एनसीएलटी द्वारा बीसीपीएल के दिवालिया और दिवालियापन के लिए एक आदेश पारित किया गया था, जिसे हल कर दिया गया है और माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, कोलकाता बेंच ने भी निपटान के पूरा होने तथा कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेंसी रिज़ॉल्यूशन प्रक्रिया के समाप्त होने का आदेश पारित किया है।.

44.3 एक सरकारी कंपनी होने के नाते, बीसीपीएल को निदेशकों के प्रदर्शन मूल्यांकन और बोर्ड की रिपोर्ट में मूल्यांकन तंत्र के संबंध में प्रकटीकरण से संबंधित वैधानिक प्रावधानों से छूट प्राप्त है।

44.4 तीन वित्तीय वर्षों के दौरान वित्तीय विवरणों/ रिपोर्टों का कोई संशोधन नहीं हुआ।

44.5 वर्ष के दौरान, कंपनी की पूंजी संरचना में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

44.6 न्यायिक निकायों/ विनियमों के महत्वपूर्ण आदेश:

बीसीपीएल की रणनीतिक बिक्री पर केंद्रीय मंत्रिमंडल का निर्णय: बीसीपीएल की रणनीतिक बिक्री पर केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय की स्थिति इस रिपोर्ट के कॉलम संख्या 7 में उल्लिखित है।

अभिस्वीकृति

वर्ष 2019-20 के दौरान, निदेशक सभी अंशधारकों द्वारा दिये गए वहुमूल्य सहयोग के लिए अपना आभार प्रकट करते हैं। आपके निदेशक तहे-दिल से भारत सरकार विशेष रूप से औषध विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, और विभिन्न राज्य सरकारों, विनियामकों और सांविधिक प्राधिकारियों, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, सांविधिक लेखा परीक्षकों और अभ्यासरत पेशेवरों का उनके सहायता, सहयोग और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद करते हैं। निदेशक मंडल सभी बैंकर्स, हितधारकों, ग्राहकों, सलाहकारों, ठेकेदारों और विक्रेताओं को भी उनके निरंतर सहायता और कंपनी पर विस्वास बनाए रखने के लिए लिए धन्यवाद देते हैं। आपके निदेशक सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों और यूनियन को भी कंपनी की तरक्की में वहुमुल्य योगदान और सहायता देने के लिए तथा इसे पिछले चार सालों से निरंतर लाभ कमाने वाली कंपनी बनाने के लिए हार्दिक धन्यवाद करते हैं।

निदेशक मंडल की तरफ से

ह/-
(पीएम चंद्रय्या)
प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एवं
निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 06970910

ह/-
(जितेन्द्र त्रिवेदी)
अंशकालिक शासकीय निदेशक
[सरकार नामित निदेशक]
डीआईएन: 07562190

स्थान: कोलकाता
दिनांक: 11/05/2020

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारतीय अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

Cantharidine
Hair Oil
100 ml
200 ml
400 ml
Eutheria Ointment
20 gm
Eutheria
lalani
e-TECH
ACHARYA PRAFULLA CHANDRA RAY

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

आपके निदेशक सभी शेयरधारकों को बताना चाहते हैं कि कंपनी के पास कोलकाता (मानिकतल्ला एवं पानीहाटी), मुम्बई और कानपुर में ड्रग्स और फार्मूलेशन, औद्योगिक रसायन और प्रसाधन एवं स्वास्थ्य देखभाल उत्पादों के उत्पादन के लिए इसकी अपनी विनिर्माण सुविधाएँ हैं। कंपनी के उत्पाद तीन प्रभागों में वर्गीकृत किए गए हैं जैसे प्रभाग I-औद्योगिक रसायन, प्रभाग II-ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स, तथा प्रभाग-III: गृह उत्पाद। प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण नीचे दिए गए हैं:

वैश्विक औषधि उद्योग

औषधि उद्योग, दवाओं के विकास, उत्पादन और विपणन के लिए जिम्मेदार है। उद्योग ने रोगी कल्याण सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वैश्विक औषधि क्षेत्र में भारत को एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। भारत दुनिया भर में जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता है। भारतीय औषधि क्षेत्र उद्योग विभिन्न टीकों की वैश्विक मांग का 50 प्रतिशत, अमेरिका में सामान्य मांग का 40 प्रतिशत और यूके में सभी दवाओं के 25 प्रतिशत की आपूर्ति करता है। देश में वैज्ञानिकों और इंजीनियरों का एक बड़ा पूल भी है, जिनके पास उद्योग को और भी आगे उच्च स्तर तक पहुंचाने की क्षमता है। वर्तमान में विश्व स्तर पर एड्स (एक्वायर्ड इम्युनो डिफीसिअन्सी सिंड्रोम) का मुकाबला करने के लिए 80 फीसदी एंटीरेट्रोवाइरल दवाओं का उपयोग किया जाता है जिसकी आपूर्ति भारतीय औषध फर्मों द्वारा की जाती है।

अनुसन्धान के अनुसार, वैश्विक औषधि उद्योग 2023 तक 1.57 ट्रिलियन यूएस डॉलर होगा। दुनिया भर में सरकारें बढ़ती स्वास्थ्य लागतों के दबाव का सामना कर रही हैं, इस प्रकार आवश्यकता के हिसाब से फार्मास्यूटिकल उत्पादों को सस्ता बनाने में जेनरिक के महत्व और उनकी भूमिका पर जोर दिया जा रहा है।

बाजार का आकार

भारतीय फार्मास्यूटिकल उद्योग मात्रा के मामले में दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा और मूल्य के मामले में 14वां सबसे बड़ा उद्योग है। भारत ने वित्तीय वर्ष 2018-19 में 14389 मिलियन यूएस डॉलर की दवाओं का निर्यात किया। भारत ने वित्तीय वर्ष 2018-19 में 3911 मिलियन यूएस डॉलर मूल्य की बल्क ड्रग/ ड्रग इंटरमीडिएट का भी निर्यात किया। हालांकि, देश दवाओं के उत्पादन के लिए विभिन्न बल्क ड्रग्स/ एक्टिव फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई) का भी आयात करता है। बल्क ड्रग्स/ ड्रग इंटरमीडिएट के कुल आयात का दो-तिहाई चीन से आता है। फार्मास्यूटिकल एक्सपोर्ट में बल्क ड्रग्स, इंटरमीडिएट, ड्रग फॉर्मूलेशन, बायोलॉजिकल, आयुष और हर्बल उत्पाद और सर्जिकल आदि शामिल हैं।

भारतीय कंपनियों को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) से 304 एब्रिविएटिड न्यू ड्रग एप्लिकेशन (एएनडीए) अनुमोदन प्राप्त हुए हैं। देश, यूएस जेनेरिक मार्केट में लगभग 30 फीसदी (मात्रा के हिसाब से) और करीब 10 फीसदी (मूल्य के हिसाब से) 70-80 बिलियन यूएस डॉलर है। भारत के बायोटेक्नोलॉजी उद्योग में बायो-फार्मास्यूटिकल्स, बायो-सर्विसेज, बायो-कृषि, बायो-उद्योग और बायोइन्फार्मेटिक्स शामिल हैं, जो प्रति वर्ष लगभग 30 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर से बढ़ने और 2025 तक 100 बिलियन यूएस डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

निवेश और नवविकास

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कुछ शर्तों के अधीन चिकित्सा उपकरणों के निर्माण के लिए स्वत: मार्ग के तहत 100 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति देने के लिए फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में मौजूदा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति में संशोधन के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।

औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स सेक्टर ने अप्रैल 2000 और मार्च 2019 के बीच 15.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर का संचयी एफडीआई आकर्षित किया है।

भारतीय फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में हाल के कुछ विकास/ निवेश इस प्रकार हैं:

- भारतीय फार्मा उद्योग पिछले पांच वर्षों से 15% से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) में वृद्धि कर रहा है और इसके विकास के महत्वपूर्ण अवसर हैं।
- भारतीय दवा कंपनियां विनियमित और अर्द्ध-विनियमित बाजारों में निर्यात के अवसर पर पूंजीकरण कर रही हैं।

भारत सरकार ने फार्मास्यूटिकल उत्पादों को अधिक किफायती बनाने और जेनरिक के प्रचार को बढ़ाने के लिए प्रयास किए हैं। इसके अलावा, सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम जनसंख्या के निम्न-आय वर्ग के लिए स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। सरकार के औषध विभाग द्वारा 'फार्मा विजन 2020' का लक्ष्य है कि शुरू से अंत तक दवा की खोज के लिए भारत को एक प्रमुख केंद्र बनाना है।

रसायन उद्योग

भारतीय रसायन उद्योग अत्यधिक विविध है, जो 80000 से अधिक वाणिज्यिक उत्पादों का आवरण करता है। इसे बड़े पैमाने पर बेसिक केमिकल्स, स्पेशलिटी केमिकल्स और एग्रोकेमिकल्स में वर्गीकृत किया गया है। मध्य पूर्व के लिए भारत की निकटता, पेट्रोकेमिकल्स फीडस्टॉक के दुनिया के स्रोत, पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं के लिए बनाती है। भारत एक मजबूत वैश्विक डाई आपूर्तिकर्ता है, जो दुनिया के लगभग 16% डाईस्टफ और डाई इंटरमीडिएट उत्पादों का उत्पादन करता है। भारत में रसायन उद्योग को कुछ खतरनाक रसायनों को छोड़कर डी-लाइसेंस्ड किया गया है। आगामी प्लास्टिक पार्क रसायन और पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा प्रदान करेंगे। भारतीय रसायन उद्योग में छोटे पैमाने के साथ-साथ बड़े पैमाने की इकाइयाँ भी शामिल हैं। "मेक इन इंडिया" कार्यक्रम की पहल के साथ, भाप, निवेश, नवाचार और बुनियादी ढांचा प्राप्त करना रासायनिक उद्योगकर्ताओं के लिए एक प्रमुख क्षेत्र बनने जा रहा है। भारतीय रसायन उद्योग को 15-20% की वार्षिक विकास दर को देखते हुए, 2025 तक 304 बिलियन यूएस डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। रासायनिक क्षेत्र में कुछ खतरनाक रसायनों के अलावा रासायनिक क्षेत्र में स्वतः मार्ग के तहत 100% एफडीआई की अनुमति है। देश का रसायन उद्योग दुनिया में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है, जो वर्तमान में उत्पादन के मामले में एशिया में तीसरे और वैश्विक स्तर पर छठे स्थान पर है। वैश्विक स्तर पर भारतीय रसायन उद्योग, रसायन (दवाई उत्पादों को छोड़कर) निर्यात में 14वें स्थान और आयात में 8वें स्थान पर है। अगले 5 वर्षों में रासायनिक उत्पादों की मांग लगभग 9% प्रति वर्ष बढ़ने की उम्मीद है।

कृषि रसायन, सौंदर्य प्रसाधन और प्रसाधन सामग्री, एसेंशियल आयल और कस्टर आयल सहित डाई और डाई मध्यवर्ती, कार्बनिक और अकार्बनिक रसायनों का कुल निर्यात वर्ष 2018-19 के दौरान 19.09 बिलियन यूएस डॉलर और 2019-20 में 16 बिलियन यूएस डॉलर (लगभग) रहा।

अमेरिका, यूएई, यूके, बांग्लादेश और सऊदी अरब सौंदर्य प्रसाधन, प्रसाधन और आवश्यक तेलों के प्रमुख आयातक हैं। 2019-20 के दौरान, कार्बनिक, अकार्बनिक और कृषि रसायनों का निर्यात 863.38 मिलियन यूएस डॉलर, 7.14 बिलियन यूएस डॉलर, 2.83 बिलियन यूएस डॉलर रहा।

उत्पाद समूहों जैसे डाई और डाई मध्यवर्ती, बेसिक इन-आर्गेनिक और आर्गेनिक रसायनों का संवर्धन, जिसमें कृषि-रसायन, सौंदर्य प्रसाधन, आवश्यक तेल, अगरबत्ती, कस्टर आयल और इसके डेरिवेटिव शामिल हैं, बेसिक केमिकल्स, कॉस्मेटिक्स एंड डाइज एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल द्वारा किया जाता है, जिसे CHEMEXCIL के रूप में जाना जाता है। परिषद विदेशों में संभावित बाजारों की पहचान करने और प्रचार प्रदान करने और बैक-अप प्रदान करने में मदद करने के लिए प्रचार कार्यक्रमों और मेलों का आयोजन करती है।

घरेलू उत्पादन को मजबूत करने के लिए, आयात पर अंकुश लगाने के लिए, और क्षेत्रों पर नई नीतियों के कार्यान्वयन द्वारा मजबूत बाजार का आकार सुनिश्चित करने के लिए, भारत सरकार ने विभिन्न योजनाओं की घोषणा की है। सरकार एक मसौदा रासायनिक नीति पर भी काम कर रही है जो रसायनों की बढ़ती मांग को पूरा करने और आयात को कम करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

सरकार इस क्षेत्र में अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) को प्रोत्साहित कर रही है। इसके अलावा, सरकार छोटे पैमाने के क्षेत्र में उत्पादन के लिए आरक्षित रासायनिक वस्तुओं की सूची को लगातार कम कर रही है, जिससे प्रौद्योगिकी उन्नयन और आधुनिकीकरण में अधिक निवेश की सुविधाजनक है। आगामी पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोकेमिकल्स निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) और प्लास्टिक पार्क रसायन और पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा प्रदान करेंगे।

1. बीसीपीएल के वृद्धि के कारक

- निम्नलिखित प्लांट का आधुनिकीकरण:
  - क) बीटालेक्ट्म ब्लाक
  - ख) ऑइंटमेंट एंड एक्सटर्नल सोल्यूशन ब्लाक
  - ग) इन्जेक्टिबल ब्लाक
- जीएमपी अनुपालन और आईएसओ 9001 प्रमाणित कंपनी
- हाइड्रोक्सीक्लोरोक़ुइन (एचसीक्यू) के उत्पादन के लिए लाइसेंस
- ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बीसीपीएल के उत्पादों की उपलब्धता
- पश्चिम बंगाल और मुंबई में कई रिटेल स्टोर खोले गए हैं
- जनशक्ति का इष्टतम उपयोग
- वेंडर आधार का विस्तार
- ब्रांड एक्सटेंशन का परिचय

- मैन्युअल संचालन से स्वचालन में स्थानांतरित कर दिया गया है
- बिक्री/ वितरण नियमावली का कार्यान्वयन
- केंद्रीकृत लेखा प्रणाली, पेरोल भुगतान, क्रय, बिल प्रोसेसिंग, बिल बसूली, बायोमेट्रिक उपस्थिति, सीसीटीवी की स्थापना आदि का कार्यान्वयन
- सभी अग्रिम समायोजित/ पुनर्प्राप्त

2. प्रोडक्ट प्रोफाइल, खंड अनुसार और उत्पाद अनुसार प्रदर्शन

वर्तमान में, आपकी कंपनी तीन श्रेणियों के अंतर्गत उत्पाद बनाती है जो कि:

- प्रभाग-I: औधोगिक रसायन
- प्रभाग-II: फार्मास्यूटिकल्स
- प्रभाग–III: गृह उत्पाद

औषधि उत्पाद खंड कंपनी की टर्नओवर में उच्चतम योगदान देता है और इस खंड ने 2019-20 के दौरान गत वर्ष 2018-19 में 65% और 2017-18 में 64% की तुलना में कुल टर्नओवर में 53% का योगदान दिया है। दूसरा सबसे बड़ा खंड प्रसाधन और गृह उत्पाद प्रभाग है जिसने वर्ष 2019-20 के दौरान गत वर्ष 2018-19 में 30% और वर्ष 2017-18 में 31% की तुलना में कंपनी की कुल टर्नओवर में 43% का योगदान किया है। खंड-वार कंपनी के संचालन का विश्लेषण नीचे दर्शाया गया है:

(रूपये लाख में)

क्र.सं	उत्पाद खंड	2017-18		2018-19		2019-20	
		टर्नओवर	%	टर्नओवर	%	**टर्नओवर**	**%**
1	औषधि	4966.92	64	6544.45	65	**3675.39**	**53**
2	प्रसाधन एवं गृह उत्पाद	2404.19	31	3020.00	30	**3036.67**	**43**
3	रासायन	430.04	5	486.58	5	**315.64**	**4**
	कुल	7801.15	100	10050.06	100	**7027.70**	**100**

3. स्वॉट विश्लेषण

(i) शक्ति

- भारत की पहली रसायन और फार्मास्यूटिकल्स कंपनी, जिसकी स्थापना प्रख्यात वैज्ञानिक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे ने की है, होने के नाते, बीसीपीएल सबसे प्रख्यात पीएसयू में से एक है।
- ब्रांड और गुणवत्ता वाले उत्पादों की मजबूत छवि जैसे कि फिनोल, नेफ़थलीन बॉल्स, ब्लीचिंग पाउडर आदि।
- जीवन रक्षक दवाओं की अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा
- पूरे देश में डिपो, सी एंड एफए और रिटेल स्टोर्स के बड़े वितरण नेटवर्क

- ड्रग कंट्रोल और बीआईएस दिशानिर्देशों के अनुसार उत्पादन किया जा रहा है।
- बीसीपीएल के सभी कार्यालय शहरों में स्थित हैं और इनमें परिवहन की आकर्षक सुविधाएँ हैं।
- नए उत्पाद निर्माण के साथ लागत प्रबंधन
- शून्य श्रमिक अशांति
- जनशक्ति का इष्टतम उपयोग
- कंपनी में सामंजस्यपूर्ण औद्योगिक संबंध बनाए रखना तथा कर्मचारियों के बीच अच्छी कार्य संस्कृति विकसित करना।
- ड्राई पाउडर इंजेक्शन का इन-हाउस उत्पादन कमीशन किया गया है
- एक प्रसिद्ध "ब्रांड नाम" के साथ भारत या विदशों में अनुकूल बाजार की स्थिति में नए बाजार क्षेत्रों में प्रवेश करने में सक्षम है।
- मानिकतल्ला वर्क्स में टेबलेट (बीटालैक्टम और नॉन-बीटालैक्टम), कैप्सूल (बीटालैक्टम), ऑइंटमेंट, ड्राई पाउडर इंजेक्शन की विशेषता वाले विभिन्न वेरिएंट की गुणवत्ता को बनाए रखने में सक्षम है।
- नए उत्पाद विकास के लिए गुंजाइश है।

(ii) दुर्बलता/ जोखिम चिंता

- विज्ञापन और ब्रांड प्रचार के लिए कम पहल
- अनुरूप उद्यमियों के साथ प्रतिस्पर्धा
- उत्पाद सुधार और नए उपक्षेप की सुविधाओं का अभाव
- दक्षता और पर्याप्त कौशल का अभाव
- कम क्षमता का उपयोग
- खराब वेतन के कारण सर्वश्रेष्ठ पेशेवरों को आकर्षित करने और बनाए रखने में समस्या
- अधिकतर सरकारी संस्थाओं के लिए बिक्री पर निर्भर हैं
- उत्पादन अधिकारियों की कम संख्या के कारण उत्पादन विशेष रूप से बैच विनिर्माण रिकॉर्ड के साथ जुड़े प्रलेखन कार्य में असुविधा
- पुराणी मशीन एवं यंत्र
- ऑपरेशन अभी भी मैनुअल ऑपरेशन मोड पर है
- आईटी बुनियादी ढांचे की अनुपस्थिति और सभी कार्यों का सरेंखन
- उचित क्यूए और क्यूसी सेटअप का अभाव

(iii) अवसर

- विशेष रूप से एंटीबायोटिक और जेनरिक सेगमेंट में फार्मास्यूटिकल्स बाजार की लगातार वृद्धि
- भारत में मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी पुरानी चिकित्सा क्षेत्रों का विस्तार
- गृह उत्पाद/ स्वच्छता उत्पादों का बड़ा आधार जो लगातार विस्तार कर रहा है।

- उत्पाद पता लगाने की क्षमता और प्रमाणन
- स्वच्छ भारत अभियान
- स्वास्थ्य बीमा में अधिक निवेश
- उत्पादन विविधीकरण
- चिकित्सा के बुनियादी ढांचे के विस्तार
- कोविड-19 महामारी के खतरे के परिणामस्वरूप आउटपुट टैबलेट और कैप्सूल के उत्पादन के संबंध में कई गुना बढ़ जाएगा और क्षमता उपयोग बढ़ जाएगा।
- जेनरिक की वैश्विक मांग
- पार्टियों का सकारात्मक दृष्टिकोण
- फेरिक एल्म, फिनाइल, नैप्थलीन, ब्लीचिंग पाउडर और अन्य डिवीजन III के उत्पादों की उच्च मांग है।
- नए लॉन्च किए गए निर्गन्धीकृत फ्लोर क्लीनर की उच्च मांग।

(iv) चुनौतियाँ

- कई स्थानीय कंपनियां तीव्र प्रतिस्पर्धा पैदा कर रहे है
- प्रमुख प्रतिस्पर्धी ब्रांडों की मजबूती का स्तर हमारी विशिष्टता लुप्त कर रही है
- जनशक्ति/ क्षेत्रीय शक्ति को प्रतिस्पर्धा के प्रति बढ़ावा देने के लिए
- बीसीपीएल में एपीआई/ एक्षिपिएन्ट निर्माताओं की दिलचस्पी कम है
- बाजार में नकली उत्पाद (बीसीपीएल मुद्रांकित)
- बड़ी निजी क्षेत्र की कंपनियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ प्रतियोगिता
- पुराने बिक्री और विपणन तरीके
- मूल्य निर्धारण की नीतियां
- निर्माण की उच्च लागत
- कोविड-19 के कारण अस्थिर बाजार के कारण एपीआई और एक्षिपिएन्ट के मूल्य में वृद्धि
- लॉकडाउन और कोविड-19 के कारण परिवहन बाधा
- कानपुर कारखाने में लगातार ऊर्जा स्फीतिकरण
- कौशल विकास कार्यक्रम / प्रशिक्षण का अभाव
- कार्यबल अकुशल है और कम दक्ष है।.

4. जोखिम और चिंता

➢ बीसीपीएल ने एक बोर्ड स्वीकृत जोखिम प्रबन्धन निति को अपनाया है जो कंपनी में उपक्रम जोखिम प्रबंधन के लिए समग्र रूपरेखा प्रदान करती है। डीपीई द्वारा जारी किए गए कॉर्पोरेट गवर्नेंस दिशानिर्देशों के अनुपालन में, बीसीपीएल ने एक 'जोखिम प्रबंधन समिति' बनाई है जिसे कंपनी के जोखिम प्रशासन संरचना, जोखिम आकलन और जोखिम प्रबंधन ढांचा, दिशानिर्देश, नीतियां और प्रक्रियाओं की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसके अलावा, जोखिम प्रबंधन समिति जोखिम प्रबंधन ढांचे को अपनाने और कार्यान्वित करने और कंपनी में जोखिम प्रबंधन पहल का नेतृत्व करने के लिए जिम्मेदार है।

जोखिम प्रबंधन नीति के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी द्वारा सामना किए जाने वाले प्रमुख जोखिमों की समीक्षा जोखिम प्रबंधन समिति द्वारा इसकी तिमाही बैठकों में की जाती है, और इन बैठकों की बैठक कार्यवाही के साथ अनुपालन रिपोर्ट लेखा परीक्षा समिति और बोर्ड को उनकी समीक्षा और सुझावों के लिए प्रस्तुत की जाती है।

➢ **कोविड-19 के कारण जोखिम का आकलन**

कोविड-19 के इस अभूतपूर्व समय के दौरान, दवाई कंपनियां आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और व्यावसायिक प्रक्रियाओं को बदलने की आवश्यकता से उत्पन्न तीव्र चुनौतियों का जवाब दे रही हैं। हालांकि, बीसीपीएल के मामले में, यह अपनी पनिहाटी फैक्ट्री में होम प्रोडक्ट्स का निर्माण भी करती है, इसलिए, कंपनी के समग्र प्रदर्शन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। इसके अलावा, कोविड-19 महामारी के कारण, मुख्य रूप से चीन से एक्टिव फार्मास्यूटिकल्स इंग्रिडिएंट्स की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

5. दृष्टिकोण

आपकी कंपनी की फार्मा उत्पादों में क्रोनिक थेरेपी सेगमेंट जैसे विशेष रूप से आर्टेराईटिस, उच्च रक्तचाप, हाइपरग्लाइसेमिया और डिस्लिपिडेमिया जैसे को बढ़ाने की योजना है। कंपनी क्रॉनिक डिसऑर्डर और लाइफस्टाइल मैनेजमेंट के जटिल प्रबंधन में अपनी उपस्थिति में विविधता लाना चाहती है, जो वर्तमान पीढ़ी की जरूरत है।

इसके अलावा, कंपनी की योजना घरेलू और औद्योगिक दोनों क्षेत्रों में स्वच्छता और सफाई की जरूरतों में नए उत्पादों को लाने की है।

6. आंतरिक नियंत्रण पद्धति और उसकी पर्याप्तता

कंपनी के संचालन के आकार के अनुरूप एक आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है। इसका आंतरिक लेखा परीक्षा सेल कोलकाता में इसके कॉरपोरेट कार्यालय में स्थित है, जिसका प्रमुख मुख्य आंतरिक लेखा परीक्षक है। आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग नियमित आडिट, प्रणाली की समीक्षा के माध्यम से आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और प्रभाव की जांच करता है और कंपनी के कानूनी, विनियामक और आंतरिक नीतियों के अनुपालन पर आश्वासन प्रदान करता है।

इसके अलावा आंतरिक लेखापरीक्षा टीम उस तरह की प्रणाली, नियंत्रण और उन रिपोर्टों जिन पर लेखापरीक्षा समिति द्वारा समय-समय पर समीक्षा की जाती है, की पर्याप्तता सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों को जारी रखती है। इसके

अलावा, वर्ष 2019-20 के दौरान, बीसीपीएल ने आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली में काफी सुधार किया है और कंपनी में वित्तीय रिसाव को भी नियंत्रित किया है। बीसीपीएल ने कंपनी में लेखापरीक्षा के निम्नलिखित पांच स्तरीय प्रणाली को भी अपनाया और कार्यान्वित किया है:

(i) बैंकिंग लेनदेन जांचपरीक्षा

(ii) आंतरिक लेखापरीक्षा

(iii) सीएजी द्वारा नियुक्त, ऑडिट फर्म द्वारा सांविधिक लेखापरीक्षा

(iv) वस्तु एवं सेवा कर लेखापरीक्षा और

(v) कैग लेखापरीक्षकों के द्वारा सरकारी लेखापरीक्षा

इन सभी प्रयासों के कारण, कंपनी हेरफेर, गलतियों और धोखाधड़ी वाली गतिविधियों को रोक सकती है।

7. परिचालन प्रदर्शन के संबंध में वित्तीय प्रदर्शन पर चर्चा

वर्ष 2019-20 के दौरान, आपकी कंपनी ने गत वर्ष की 10050 लाख रूपए की टर्नओवर की तुलना में 7028 लाख रुपये की टर्नओवर हासिल की, और गत वर्ष 2018-19 के 2526 लाख रूपए के लाभ की तुलना में 1446 लाख रूपए का लाभ रिपोर्ट किया। आपकी कंपनी ने लगातार चार वर्षों तक शुद्ध लाभ रिपोर्ट किया है और भविष्य में भी शुद्ध लाभ अर्जित करने के लिए विश्वस्त है।

8. मानव संसाधन, औद्योगिक संबधों, और कार्यरत लोगों की संख्या में भौतिक विकास

कंपनी अपने कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान करती है और इसके विकास के लिए उनके कौशल और क्षमताओं को अद्यतन करती है और साथ ही उत्पादन, विपणन और लेखांकन गतिविधियों की मात्रा और गुणवत्ता में वृद्धि करती है।

वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध शांतिपूर्ण और अनुकूल बने रहे। कर्मचारी संगठन में कर्मचारियों ने एक सक्षम प्रदर्शन संस्कृति को विकसित करने और बनाए रखने में प्रबंधन के प्रयासों को पूरा किया। कंपनी की विभिन्न नीतियों को अंतिम रूप देते समय कर्मचारियों के विचारों को भी समय-समय पर ध्यान में रखा जाता है।

नवम्बर 2019 में 2007 वेतनमान भी कंपनी में कार्यान्वित किया जा चुका है।

9. पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण, प्रौद्योगिकी संरक्षण, विदेशी मुद्रा संरक्षण

(i) **पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण:**

पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण की आवश्यकता का पालन करने के लिए, फैक्ट्री परिसर में और आसपास के क्षेत्र में पेड़ लगाये जाने, पर्यावरण के अनुकूल कच्चे माल का उपयोग, ऊर्जा कुशल प्रकाश व्यवस्था की स्थापना, प्राकृतिक प्रकाश का उपयोग करने पर महत्व दिया गया है। कर्मचारी बिजली के उपकरणों जैसे रोशनी, पंखों, कंप्यूटर, जब वे प्रयोग में नहीं हैं, को बंद करके ऊर्जा की खपत में कमी के प्रति संवेदनशील हैं।

(ii) **प्रौद्योगिकी संरक्षण:**

तकनीकी संरक्षण के रूप में, बीसीपीएल ने कुछ उत्पादों के माध्यमिक और तृतीयक पैकेजों में बार-कोडिंग और क्यूआर कोडिंग लागू की है। इस तकनीक का मुख्य लाभ गोदाम/ स्टॉक पॉइंट में उत्पादों का बेहतर अनुरेखण करना है।

(iii) **विदेश मुद्रा संरक्षण:**

वर्ष 2019-20 के दौरान, कंपनी ने विदेशी मुद्रा में कोई भी लेनदेन नहीं किया।

सजग वक्तव्य

कंपनी के उद्देश्यों, अनुमानों और अपेक्षाओं का वर्णन करते हुए इस प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट में विवरणों को, लागू कानूनों और विनियमों के अंतर्गत देख सकते हैं। वास्तविक परिणाम, दिये गये परिणामों से थोड़ा बहुत अलग या भिन्न रूप से व्यक्त या लागू हो सकते हैं। मुख्य कारक कंपनी के कार्यों में निहित वैश्विक और भारतीय मांग पूर्ति के शर्तों और तैयार माल की कीमतों, कंपनी के प्रधान बाजार में प्रतियोगी कीमतों, सरकारी नियमों में परिवर्तन, कर नियम, भारत की आर्थिक अवस्था में थोड़ा फर्क दिखा सकती है।

निदेशक मंडल की तरफ से

ह/-
(पीएम चंद्रय्या)
प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एवं
निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 06970910

ह/-
(जितेन्द्र त्रिवेदी)
अंशकालिक सरकारी निदेशक
[सरकार नामित निदेशक]
डीआईएन: 07562190

स्थान: कोलकाता
दिनांक: 11/05/2020

BENGAL CHEMICALS & PHARI
(A GOVERNMENT OF INDIA
CENTRAL STORES & DISTRIBU
INAUGURATED BY
SHRI PM CHANDRAIAH
ON 26TH JANUARY

BENGAL CHEMICAL CLUB

कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट

कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर कंपनी की दार्शनिकता

कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि उचित कॉर्पोरेट गवर्नेंस कंपनी के सभी हितधारकों के लिए स्थायी रूप से लाभार्जन करती है। कॉर्पोरेट गवर्नेंस मुख्य रूप से पारदर्शिता, महत्वपूर्ण तथ्यों के संपूर्ण प्रकटीकरण, बोर्ड की स्वतंत्रता और हितधारकों के प्रति ईमानदारी से संबधित होती है। कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013, कंपनी को लागू अन्य कानूनों के नियमों एवं प्रावधानों और सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा सीपीएसईस के लिए जारी किये गए कॉर्पोरेट गवर्नेंस के दिशानिर्देशों, तथा सचिवीय मानकों के अनुपालन के लिए वचनबद्ध है।

1. निदेशक मंडल

1.1. बोर्ड की संरचना

बीसीपीएल के सभी निदेशक प्रशासनिक मंत्रालय (अर्थात औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय) के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। वर्तमान में दो निदेशक नामत: निदेशक (वित्त), एक अंशकालिक शासकीय निदेशक [सरकार नामित] कार्यरत है।

1.2. निदेशक मंडल की संरचना, निदेशकों की श्रेणी, बोर्ड की बैठक में उपस्थिति, और वार्षिक आम बैठक (एजीएम), और वर्ष 2019-20 के दौरान अन्य निदेशक पद के विवरण नीचे दिए गए हैं:

निदेशकों के नांम	श्रेणी	बोर्ड बैठकों में उपस्थित	38वीं आम बैठक में उपस्थिति	अन्य कंपनियों में निदेशक पद (बीसीपीएल के अलावा)	कार्यकाल (से प्रभावी)
(i) पूर्णकालिक/ कार्यात्मक निदेशक					
श्री पीएम चन्द्रया डीआईएन: 06970910	प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एवं निदेशक (वित्त)*	5	हां	शून्य	25/11/2014
(ii) सरकार नामित/ अंशकालिक शासकीय निदेशक					
श्री जितेन्द्र त्रिवेदी, निदेशक (पीएसयू), रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, औषध विभाग डीआईएन: 07562190	निदेशक	5	हाँ	2 (केएपीएल, आरडीपीएल)	06/07/2016

निदेशकों के नांम	श्रेणी	बोर्ड बैठकों में उपस्थित	38वीं आम बैठक में उपस्थिति	अन्य कंपनियों में निदेशक पद (बीसीपीएल के अलावा)	कार्यकाल (से प्रभावी)
(iii) **स्वतंत्र/ अंशकालिक गैर-शासकीय निदेशक**					
श्री एस.के. रॉय चौधरी, स्वतंत्र निदेशक [अंशकालिक गैर-शासकीय निदेशक] डीआईएन: 00757497	निदेशक	2	हाँ	शून्य	09/08/2016 से 08/08/2019

* औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार ने श्री पीएम चन्द्रय्या, निदेशक (वित्त) को 01/06/2016 से प्रारंभिक तीन महीनों हेतु बीसीपीएल के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था, जिसे समय-समय पर 31 अगस्त 2020 तक बढ़ाया गया है।

** इस्तेमाल किए गए संकेताक्षर-

- केएपीएल- कर्नाटका एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड
- **आरडीपीएल- राजस्थान ड्रग्स एण्ड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड**

टिप्पणियाँ-

वर्ष 2019-20 के दौरान निदेशकों/ प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति या पद से इस्तीफा और उसके बाद इस रिपोर्ट तक की तारीख तक नीचे उल्लिखित है:

नियुक्तियां: औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने आदेश संख्या "एफ.नं.25012/1/2014-पीएसयू-1/(वीओएल-II)", दिनांक 27 अगस्त 2019 के अंतर्गत श्री पीएम चंद्रय्या जी को 01/09/2019 से 24/11/2019 तक फिर से प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था। इसके अलावा, प्रशासनिक मंत्रालय ने अपने आदेश दिनांक 22 नवम्बर 2019 के अंतर्गत श्री पीएम चंद्रय्या जी को 25/11/2019 से 28/02/2020 तक फिर से प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था। प्रशासनिक मंत्रालय ने अपने आदेश दिनांक 01 जनवरी 2020 के अंतर्गत श्री पीएम चंद्रय्या जी को 01/03/2020 से 31/08/2020 तक फिर से प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

प्रशासनिक मंत्रालय ने अपने पत्र दिनांकित 18 नवम्बर 2019 के अंतर्गत श्री पीएम चंद्रय्या, निदेशक (वित्त) का कार्यकाल अगले एक वर्ष अर्थात 24 नवम्बर 2020 तक बढ़ाया है।

समाप्ति: वर्ष 2019-20 के दौरान, श्री सजल कुमार रॉय चौधरी, अंशकालिक गैर शासकीय (स्वतंत्र) निदेशक 08 अगस्त 2019 को अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के कारण बीसीपीएल के बोर्ड से बाहर हो गए।

निदेशकों का संक्षिप्त बायोडाटा:

(क) श्री जितेन्द्र त्रिवेदी

अंशकालिक शासकीय निदेशक
भारत सरकार द्वारा नामित
डीआइएन: 07562190

श्री जितेन्द्र त्रिवेदी जी, उम्र 43 वर्ष, जो कि औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय में कार्य कर रहे हैं, उन्हे आदेश एफ.न.25012/3/2010–पीएसयू दिनांकित 06 जुलाई, 2016 के अंतर्गत अंशकालिक शासकीय निदेशक के रुप में नियुक्त किया गया है। श्री जितेन्द्र त्रिवेदी जी ने इंडियन ऑर्डिनेंस फैक्ट्री सर्विसेस (आइओएफएस) में 05, सितम्बर, 2000 को कार्यभार संभाला। श्री जितेन्द्र त्रिवेदी जी को ऑर्डिनेंस फैक्टरी सर्विसेज, सार्वजनिक प्रशासनिक, और सरकारी सेवाओं के क्षेत्र में बहुत अनुभव है। वह कर्नाटका एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड तथा राजस्थान ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के बोर्ड के सदस्य भी हैं।

(ख) श्री पीएम चंद्रय्या

प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एवं निदेशक (वित्त)
डीआइएन: 06970910

औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने आदेश संख्या "25012/2/2014-पीएसयू", दिनांकित 03 नवम्बर 2014, के अंर्तगत श्री पीएम चंद्रय्या जी, उम्र 55 वर्ष, को उनके पदाग्रहण की तिथि से 5 वर्षों के लिए बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त किया है, जिसे आगे 24/11/2020 तक बढ़ाया गया था। प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा श्री पीएम चंद्रय्या जी का कार्यकाल अगले एल वर्ष के लिए अर्थात 24/11/2020 तक फिर से बढ़ाया गया है। श्री चंद्रय्या जी ने 25 नवम्बर 2014 को निदेशक (वित्त) का प्रभार संभाला। औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने आदेश संख्या "25012/1/2014-पीएसयू-I", दिनांक 19 जुलाई 2016 के अंतर्गत श्री पीएम चंद्रय्या, निदेशक (वित्त) को बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का कार्यभार सौंपा है, जिसे समय-समय पर बढ़ाया गया है तथा आदेश दिनांकित 01 जनवरी 2020 के अंतर्गत, प्रशासनिक मंत्रालय ने श्री पीएम चंद्रय्या को 31/08/2020 तक प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। वह एक लागत लेखाकार हैं और उनके पास विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों जैसे एनटीपीसी, इरेडा, इरकॉन, एनएसपीसीएल, ईपीआई तथा बीसीएपीएल आदि में मानव संसाधन, सतर्कता, वित्त प्रबंधन, विपणन आदि विभागों में काम करने का 35 वर्षों का अनुभव है। बीसीपीएल वर्ष 2016-17 में श्री पीएम चंद्रय्या के गतिशील नेतृत्व में टर्नअराउंड कंपनी बनी तथा लगातार चार वर्षों अर्थात 2016-17, 2017-18, 2018-19, 2019-20 से लगातार लाभ अर्जित कर रही है।

1.3 बोर्ड प्रक्रिया

कंपनी के सुशासन और कामकाज सुनिश्चित करने में निदेशक मंडल प्राथमिक भूमिका निभाते हैं। निदेशक मंडल की बैठकें एजेंडा कागजात के साथ उचित सूचना देकर आयोजित की जाती हैं। निदेशक मंडल की बैठकों को आमतौर पर कोलकाता में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में तथा डीपीई के ओएम सं. "एफ.नं.18(17)/2005-जीएम" दिनांकित

24/05/2018 के अनुसार आयोजित की जाती हैं। कंपनी की भौतिक और वित्तीय प्रगति पर चर्चा करने के लिए बोर्ड नियमित अंतराल पर बैठकें करता है। बैठक के लिए एजेंडा कागजात संबंधित अधिकारियों द्वारा तैयार किए जाते हैं और सभी निदेशकों को भेजे जाने से पहले प्रबंध निदेशक/ निदेशक (वित्त) द्वारा हस्ताक्षरित और अनुमोदित किए जाते हैं। विचार-विमर्श/ चर्चाओं के बाद निदेशक मंडल द्वारा निर्णय लिया जाता है। पिछले बोर्ड की बैठक के निर्णय पर "कार्रवाई की गई रिपोर्ट" निदेशक मंडल की हर आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाती है। प्रत्येक निदेशक मंडल की बैठक के कार्यवृत्त, मिनट पुस्तिका में दर्ज किए जाते हैं। प्रत्येक निदेशक मंडल की बैठक के कार्यवृत्त इसकी अगली बैठक में पुष्टि के लिए प्रस्तुत किए जाते हैं। निदेशक मंडल की समिति के कार्यवृत्त भी निदेशक मंडल की जानकारी के लिए प्रस्तुत किए जाते हैं। निदेशक मंडल के सदस्य कंपनी की सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

1.4 निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली जानकारी

निदेशक मंडल की बैठकों के एजेंडा प्रपत्रों के तहत, आमतौर पर बीसीपीएल के निदेशक मंडल को निम्नलिखित शीर्षकों के अंतर्गत जानकारी को प्रस्तुत किया जाता है:

- वार्षिक परिचालन योजनाएं और बजट और अद्यतन
- त्रैमासिक आधार पर वित्तीय परिणाम
- बोर्ड के लेखापरीक्षा समिति और अन्य समितियों की बैठकों के कार्यवृत्त
- बोर्ड स्तर के ठीक नीचे वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति के बारे में जानकारी
- श्रम की महत्वपूर्ण समस्याएं और उनके प्रस्तावित समाधान। मानव संसाधन/ औधोगिक संबंधो मजदूरी जैसे समझौते पर हस्ताक्षर, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना का कार्यान्वयन में कोई महत्वपूर्ण विकास।
- निवेश, सहायक कंपनियों, संपत्तियों की भौतिक प्रकृति की बिक्री, जो व्यापार के सामान्य प्रकार में नहीं है।
- निदेशक मंडल द्वारा लिए गए निर्णय पर की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट
- लागू कानूनों के अनुपालन पर तिमाही रिपोर्ट
- कारण बताएं, अभियोजन पक्ष के मांग के नोटिस और जुर्माना नोटिस जो भौतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं।
- घातक या गंभीर दुर्घटनाएं, खतरनाक घटनाएं, किसी भी महत्वपूर्ण घटना का प्रवाह या प्रदूषण की समस्याएं
- कोई भी मुद्दा, जो मत्वपूर्ण संभावित प्रकृति के संभावित सार्वजनिक या उत्पाद दायित्व के दावों को शामिल करता है, जिसमें कोई निर्णय या आदेश शामिल है, या किसी अन्य उद्यम के बारे में प्रतिकूल हो सकता है जो कंपनी के संचालन पर कठोर पारित हो सकता है, जो कंपनी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।
- आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट
- सीपीएसई के लिए डीपीई द्वारा जारी किए गए कॉरपोरेट गवर्नेंस दिशानिर्देशों के अनुपालन की स्थिति
- कंपनी में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की स्थिति
- जोखिम प्रबंधन नीति का कार्यान्वयन
- अर्ध-वार्षिक आधार पर सतर्कता कार्य की समीक्षा
- बोर्ड को प्रस्तुत की जाने वाली आवश्यक जानकारी या सूचना के लिए कोई अन्य जानकारी

1.5 निदेशक मंडल की बैठकों की संख्या:

वर्ष 2019-20 के दौरान, निदेशक मंडल की पांच बैठकें आयोजित की गई, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	बैठक की दिनांक	बोर्ड संख्या	उपस्थित निदेशकों की संख्या
1.	29/04/2019	3	3
2.	22/05/2019	3	3
3.	16/08/2019	2	2
4.	21/11/2019	2	2
5.	07/02/2020	2	2

1.6 निदेशकों की नियुक्ति

अंशकालिक निदेशकों सहित सभी निदेशकों की नियुक्ति प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात औषध विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा की जाती है। इसके अलावा, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना सं. 'जी. एस.आर.,163(ई)' दिनांकित 5 जून 2015 के अंतर्गत कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152(6) उन सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं होगी जिनकी संपूर्ण चुकता शेयर पूंजी केंद्र सरकार या कोई राज्य सरकार या केंद्र सरकार या एक से अधिक राज्य सरकार के पास हो।

चूंकि, बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड की संपूर्ण शेयर पूंजी भारत के राष्ट्रपति द्वारा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, औषध विभाग के माध्यम से धारित की जाती है, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 152(6) (रोटेशन द्वारा निदेशकों की सेवानिवृत्ति) बीसीपीएल पर लागू नहीं होती।

1.7 स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका

स्वतंत्र निदेशक, बोर्ड और बोर्ड स्तरीय समिति की बैठकों में चर्चा/ विचार-विमर्श में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और कंपनी को फार्मास्यूटिकल्स, रसायन, प्रबंधन, आदि के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता से अवगत कराते हैं।

स्वतंत्र निदेशक, मंडल द्वारा गठित बीसीपीएल की बोर्ड स्तरीय समितियों अर्थात लेखापरीक्षा समिति, नामांकन और पारिश्रमिक समिति, सीएसआर और स्थिरता विकास समिति का हिस्सा हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 और डीपीई के दिशानिर्देशों के संदर्भ में, लेखापरीक्षा समिति, और बीसीपीएल की नामांकन और पारिश्रमिक समिति की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है। श्री एस.के. रॉय चौधरी, स्वतंत्र निदेशक (08/08/2019 तक) बीसीपीएल के कार्यालयों और फैक्ट्रियों में नियमित रूप से आते रहते थे।

2.0 निदेशक मंडल की समितियां

2.1 लेखापरीक्षा समिति

कंपनी की लेखापरीक्षा समिति को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुसार परिभाषित शक्तियों और भूमिका के साथ विधिवत रूप से निदेशक मंडल द्वारा गठित किया गया है। लेखापरीक्षा समिति की अध्यक्षता कंपनी के स्वतंत्र (गैर-शासकीय निदेशक) द्वारा

की जाती है। वर्ष 2019-20 के दौरान, 29 अप्रैल 2019, 22 मई 2019, 16 अगस्त 2019, 21 नवम्बर 2019, तथा 07 फरवरी 2020 को समिति की पांच बैठकें हुई।

(i) **उपस्थिति विवरण निम्नानुसार हैं-**

सदस्य	उनके संबंधित समयकाल में आयोजित बैठक	बैठकों में उपस्थिति
श्री सजल कुमार राय चौधरी स्वतंत्र निदेशक, अध्यक्ष लेखापरीक्षा समिति	2	2
श्री जितेन्द्र त्रिवेदी अंशकालिक शासकीय निदेशक सदस्य, लेखापरीक्षा समिति	5	5
श्री एम चंद्रय्या प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एवं निदेशक (वित्त) सदस्य, लेखापरीक्षा समिति	5	5

(ii) **लेखापरीक्षा समिति की संरचना इस प्रकार है:**

1	श्री सजल कुमार रॉय चौधरी	स्वतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (08/08/2019 तक)
2	श्री जितेन्द्र त्रिवेदी	सरकार नामित निदेशक	अध्यक्ष (09/08/2019 से प्रभावी)
3	श्री एम चंद्रय्या	प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एवं निदेशक (वित्त)	सदस्य

(iii) **लेखापरीक्षा समिति की शर्तें**

कंपनी अधिनियम, 2013 और कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर डीपीई दिशानिर्देशों के संदर्भ में लेखापरीक्षा समिति की शर्तों में निम्नलिखित सम्मलित हैं:

1. कंपनी के लेखापरीक्षक की नियुक्ति की सिफारिश, पारिश्रमिक और नियुक्ति की शर्तें।
2. लेखापरीक्षा कार्य में परीक्षक की कार्य क्षमता, निर्भरता और क्रियाशीलता की जांच और नियमन करना।
3. वित्त संबंधी रिपोर्ट और उस पर दी गयी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की जांच करना।

4. संबंधित पार्टियों के साथ कंपनी के लेन-देन की सहमति और बाद में संशोधन।

"बशर्ते कि लेखापरीक्षा समिति संबंधित पक्ष लेनदेन के लिए सर्वव्यापी अनुमोदन कर सकती है, जो कि कंपनी द्वारा निर्धारित प्रस्तावित शर्तों के अधीन हो सकता है"

5. इंटर-कॉरपोरेट ऋण और निवेश की संवीक्षा।
6. आवश्यकतानुसार सम्पति और उपक्रमों का मूल्यांकन।
7. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और जोखिम प्रबंधन प्रणाली का मूल्यांकन।
8. आवश्यकतानुसार पब्लिक ऑफर और संबंधित मामलों के माध्यम से एकत्र की गई रकम के उपयोग पर निगरानी।
9. लेखापरीक्षा समिति बोर्ड को प्रस्तुत करने से पहले, आंतरिक नियन्त्रण प्रणालियों के बारे में लेखापरीक्षकों की टिप्पणियां, लेखापरीक्षा के दायरे, लेखापरीक्षकों की टिप्पणियों सहित, और वित्तीय विवरणों की समीक्षा पर चर्चा कर सकती है और कंपनी के आंतरिक और सांविधिक लेखापरीक्षक और प्रबंधन के साथ भी किसी भी संबंधित मुद्दों पर चर्चा कर सकती है।
10. लेखापरीक्षा समिति कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177(4) में वर्णित विषयों में किसी भी मामले की जांच-पड़ताल करने और बोर्ड को सौंपे जाने का पूर्ण अधिकार है, और इसके लिए उन्हें बाहरी पेशेवरों से सलाह लेने और कंपनी में उपलब्ध सभी सूचनाओं को प्राप्त करने का पूर्ण अधिकार है।
11. कंपनी के बोर्ड और लेखापरीक्षा समिति, आंतरिक लेखापरीक्षक के परामर्श से, आंतरिक लेखापरीक्षा आयोजित करने के लिए कार्यक्षेत्र, कार्य, आवधिकता और कार्यप्रणाली तैयार करेगी।
12. यह सुनिश्चित करने के लिए कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त और विश्वसनीय है, कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी और इसकी वित्तीय जानकारी का प्रकटीकरण।
13. सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा प्रदान की गई किसी भी अन्य सेवाओं के लिए वैधानिक लेखापरीक्षकों को भुगतान का अनुमोदन
14. निदेशक मंडल को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने से पहले प्रबंधन के साथ वार्षिक वित्त विवरण की विशेष संदर्भ के साथ समीक्षा:
    - कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के अनुसार बोर्ड की रिपोर्ट में शामिल किए जाने के लिए निदेशक के उत्तरदायित्व वक्तव्य में शामिल किए जाने वाले मामले;
    - लेखांकन नीतियों और प्रथाओं में परिवर्तन और उसके कारण, यदि कोई हो;
    - प्रबंधन द्वारा अनुमानों के आधार पर लिए गए निर्णय को शामिल करने वाली प्रमुख लेखा प्रविष्टियां;
    - महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्ष से उत्पन्न वित्तीय विवरणों में किए गए समायोजन;
    - वित्तीय विवरणों से संबंधित कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन;
    - किसी भी संबंधित पक्ष के लेनदेन की समीक्षा/ प्रकटीकरण;

- मसौदा लेखापरीक्षा रिपोर्ट में अहर्ताएं।

15. निदेशक मंडल को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने से पहले प्रबंधन के साथ तिमाही वित्तीय विवरणों की जांच।
16. प्रबंधन के साथ आंतरिक लेखापरीक्षकों के प्रदर्शन, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता की जांच।
17. आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग की संरचना सहित आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य की पर्याप्तता की समीक्षा करना, आधिकारिक विभाग के शीर्ष अधिकारी, स्टाफिंग और वरिष्ठता की रिपोर्टिंग संरचना, कवरेज और आंतरिक लेखापरीक्षा की आवृत्ति।
18. आंतरिक लेखापरीक्षकों और/ अथवा लेखापरीक्षकों के साथ कोई भी महत्वपूर्ण निष्कर्ष पर चर्चा और उसके अनुवर्ती जाँच।
19. ऐसे मामलों में आंतरिक लेखापरीक्षक/ लेखापरीक्षक द्वारा किसी भी आंतरिक जांच के निष्कर्षों की समीक्षा करते हुए जहां संदेहास्पद धोखाधड़ी या अनियमितता या किसी भौतिक प्रकृति के आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की विफलता और मामले को बोर्ड को रिपोर्ट करना।
20. लेखापरीक्षा शुरू होने से पहले सांविधिक लेखा परीक्षकों के साथ, लेखापरीक्षा के उद्देश्य और प्रकृति और साथ ही साथ लेखापरीक्षा के बाद के विषयों के बारे में चर्चा करना।
21. जमाकर्ताओं, ऋणपत्रधारकों, शेयरधारकों (घोषित लाभांश का भुगतान न करने के मामले में) और लेनदारों को भुगतान में हुई चूक के कारणों पर गौर करना।
22. विस्सल ब्लोअर/ निगरानी तंत्र के कामकाज की समीक्षा।
23. कैग की लेखापरीक्षा टिप्पणियों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा।
24. सरकारी उपक्रम (सीओपीयू) पर संसदीय समिति की अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा।
25. स्वतंत्र लेखापरीक्षक, आंतरिक लेखापरीक्षक और निदेशक मंडल के बीच संचार का एक खुला अवसर प्रदान करना।
26. लेखापरीक्षक के साथ मिलकर, लेखापरीक्षा की प्रक्रिया के ताल-मेल की जांच करना ताकि कवरेज की पूर्णता, अनावश्यक कार्यों की कमी और सभी लेखापरीक्षा के संसाधनों के सही उपयोग पर ध्यान दिया जा सकें।
27. स्वतंत्र लेखापरीक्षक और प्रबंधन के साथ निम्नलिखित विषयों पर विचार-विमर्श करना:

    कंप्यूटर सूचना व्यवस्था नियंत्रण और सुरक्षा के आंतरिक नियंत्रण की स्पष्टता की जांच करना, और प्रबंधन प्रतिक्रियाओं के साथ स्वतंत्र लेखापरीक्षक और
    आंतरिक लेखापरीक्षक की सिफारिशों और संबंधित निष्कर्षों पर चर्चा।
28. प्रबंधन, आंतरिक लेखापरीक्षक और स्वतंत्र लेखापरीक्षक के साथ निम्नलिखित विषयों पर विचार-विमर्श करना:
    पूर्व लेखापरीक्षा की सिफारिशों की स्थिति के साथ वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण जाँच-निष्कर्ष।

लेखापरीक्षा कार्य के दौरान किसी भी कठिनाइयों या आवश्यक जानकारी के लिए गतिविधियों का दायरा या उपयोग पर कोई प्रतिबंध का सामना करना पड़ा हो।

29. लेखापरीक्षा समिति के पास यह भी अधिकार होगा:
इसकी शर्तों के अनुसार किसी भी गतिविधि की जांच करना।
किसी भी कर्मचारी से उसके बारे में या किसी और के बारे में जानकारी प्राप्त करना।
निदेशक मंडल की अनुमति के अधीन, बाहरी कानूनी या अन्य पेशेवरी सलाह लेना।
यदि यह आवश्यक हो तो प्रासंगिक विशेषज्ञता वाले बाहरी लोगों से सहायता।
विस्सल ब्लोअर की रक्षा करना

30. लेखापरीक्षा समिति निम्नलिखित जानकारियों की समीक्षा करेगी:
वित्तीय स्थिति और संचालन के परिणामों का प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण;
प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत संबंधित पार्टी लेनदेन का विवरण;
सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा जारी प्रबंधन पत्र/ आंतरिक नियंत्रण कमजोरियों के पत्र।
आंतरिक नियंत्रण कमजोरियों से संबंधित आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट;
मुख्य आंतरिक लेखापरीक्षक की नियुक्ति एवं उसका निष्कासन लेखापरीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा; और
मुख्य कार्यकारी अधिकारी/ मुख्य वित्तीय अधकारी द्वारा वित्तीय विवरणों का प्रमाणीकरण।

31. कंपनी अधिनियम, 2013 या उसके अंतर्गत बने नियमों और डीपीई की कॉर्पोरेट गवर्नेंस गाइडलाइन्स में वर्णित कोई अन्य कार्य।

लेखापरीक्षा समिति परीक्षकों को आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था, लेखा जांच के उद्देश्य, परीक्षकों की देखरेख और बोर्ड को वित्तीय विवरण जमा करने के पहले उसकी जांच पर अपना विचार व्यक्त करने का अधिकार रखती है, और आंतरिक लेखापरीक्षकों, सांविधिक लेखापरीक्षकों और कंपनी के प्रबंधन के साथ संबंधिक विषयों पर चर्चा कर सकती है। लेखापरिक्षा समिति धारा 177(4) में निहित विषय से संबंधित या बोर्ड को संदर्भित विषयों पर जांच-पड़ताल करने का पूरा अधिकार रखती है, और उसके लिये समिति बाहरी स्त्रोतों से पेशेवर सलाह लेने का पूरा अधिकार रखती है, और कंपनी के रिकार्ड में निहित सभी जानकारी पर कार्य करने का अधिकार भी रखती है।

कंपनी के लेखापरीक्षकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों को लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में जब लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर विचार किया जाएगा, सुनवाई का अधिकार होगा लेकिन वोट करने का अधिकार नहीं होगा।

2.2 नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

वार्षिक बोनस/ परिवर्तनीय वेतन पूल और सभी अधिकारियों और गैर-संघीय पर्यवेक्षकों के वितरण के लिए नीति तय करने के लिए कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार नामांकन और पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया है। समिति का निम्नलिखित सदस्यों के साथ पुनर्गठन किया गया है:

1	श्री एस.के. राय चौधरी	स्वंतंत्र निदेशक	अध्यक्ष (08/08/2019 तक)
2	श्री जितेन्द्र त्रिवेदी	सरकार नामित निदेशक	अध्यक्ष (09/08/2019 से प्रभावी)
3	श्री पीएम चंद्रय्या	प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एवं निदेशक (वित्त)	सदस्य

वर्ष 2019-20 के दौरान, नामांकन और पारिश्रमिक समिति की तीन बैठकें 22/05/2019, 21/11/2019, 07/02/2020 को हुई। बैठक में अध्यक्ष सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

2.3 कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और स्थिरता विकास समिति

कंपनी ने बोर्ड स्तरीय कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और स्थिरता विकास समिति का निम्नलिखित सदस्यों के साथ गठन किया था:

1	श्री जितेन्द्र त्रिवेदी, अंशकालिक शासकीय निदेशक (सरकार नामित निदेशक)	अध्यक्ष
2	श्री सजल कुमार राय चौधरी गैर शासकीय निदेशक (स्वंतंत्र निदेशक)	सदस्य (08/08/2019 तक)
3	श्री पीएम चंद्रय्या प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एवं निदेशक (वित्त)	सदस्य

वर्ष 2019-20 के दौरान सीएसआर एवं स्थिरता विकास समिति की कोई भी बैठक नहीं हुई।

3.0 अंशधारिता स्वरुप

31 मार्च, 2020 को कंपनी का अंशधारिता स्वरुप निम्नानुसार था:

क्र.सं.	शेयरधारक का नाम	धारित शेयरों की संख्या (प्रत्येक की कीमत 1000 रू.)
1	भारत के राष्ट्रपति	769601
